विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 318 | कोरबा, रविवार, दिनांक 18 अगस्त 2024 डाक 19 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
पीएमसीएच के रेजिडेंट डॉक्टरों ने पटना में एक पोस्टग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर के यौन उत्पीड़न और हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**
पीएम मोदी से मिले चंद्रबाबू नायडू, आंध्र प्रदेश के लिए मांगी सहायता



**फीचर पेज**
अपनेपन का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व



# बंगाल में नहीं थम रहा जूनियर डॉक्टरों का आक्रोश, आंदोलन से स्वास्थ्य सेवाएं ठप



**कोलकाता, 18 अगस्त [एजेंसी]।**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार और हत्या की शिकार हुई महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग लगातार तेज होती जा रही है। न्याय के लिए सरकारी अस्पतालों में आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने रविवार को लगातार दसवें दिन भी काम बंद रखा, जिससे पूरे पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य सेवाएं ठप रहीं।हालांकि, रविवार को सरकारी अस्पतालों में ओपीडी बंद रहती है, इसलिए भीड़ कम है। जबकि, वरिष्ठ डॉक्टर आपातकालीन विभाग में मरीजों का इलाज करने के लिए मौजूद थे। हम स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित करने के पक्ष में नहीं हैं। हम मरीजों की समस्याओं को समझ सकते हैं, लेकिन हमारा विरोध इस संदर्भ में बहुत प्रासंगिक है, जब एक ऑन-ड्यूटी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की गई। क्या हम काम पर आते समय यही उम्मीद करते हैं। हम तब तक अपना विरोध जारी रखेंगे, जब तक हमारी बहन को न्याय नहीं मिल जाता और सरकार हमारे लिए पूरी सुरक्षा की व्यवस्था नहीं कर देती।

महिला ट्रेनी डॉक्टर का शव 9 अगस्त को अस्पताल के सेमिनार हॉल में मिला था। अपराध में कथित संलिप्तता के लिए अगले दिन एक नागरिक स्वयंसेवक को गिरफ्तार किया गया था। संदेह जताया जा रहा है कि इसमें कई और लोग शामिल हैं। जूनियर डॉक्टर मांग कर रहे हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाए और पीड़िता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 13 अगस्त को मामले की जांच कोलकाता पुलिस से सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया, जिसने 14 अगस्त को अपनी जांच शुरू कर दी।

## हत्या मामले पर टीएमसी में बगावत! बंगाल सरकार से ममता के सांसद ने ही मांगा जवाब, सुसाइड की कहानी पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या मामले में बंगाल ही नहीं पूरे देश में उबाल आ रखा है। मामले में ममता सरकार पर कई सवाल उठाए जा रहे हैं। विपक्ष के साथ अब उनके खुद के नेता भी सरकार से सवाल कर रहे हैं। दरअरल, टीएमसी के ही राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय ने ममता सरकार पर कई सवाल दागे हैं। उन्होंने दो दिन पहले भी आरजी कर अस्पताल के प्रिंसिपल संदीप घोष को हटाने में देरी पर सवाल उठाए थे। अब उन्होंने पुलिस कमिश्नर और पूर्व प्रिंसिपल को आड़े हाथ लिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सवाल उठाते हुए सुखेंदु ने कहा कि सीबीआई को कोलकाता हत्याकांड में निष्पक्षता से जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नर और मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल को पहले को हिरासत में लेना चाहिए और फिर पूछताछ होनी चाहिए कि आखिर सुसाइड की कहानी किसने और क्यों रची।

## ममता बनर्जी पर भड़कीं निर्भया की मां, बोलीं- स्थिति संभालने में नाकाम रहीं बंगाल की सीएम, इस्तीफा देना चाहिए



**नई दिल्ली।** देशभर में आंदोलन जारी है। इस बीच 2012 के दिल्ली सामूहिक दुष्कर्म मामले की पीड़िता निर्भया की मां ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की है। निर्भया की मां ने कहा सीएम ममता बनर्जी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ हो रहे विरोध-प्रदर्शन के बाद स्थिति को संभालने में नाकाम साबित हुई हैं। समाचार एजेंसी से बात करते हुए निर्भया की मां आशा देवी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर विरोध-प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। आशा देवी ने कहा, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करने के बजाय, ममता बनर्जी जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं।

# रायपुर में 20 अगस्त को कांग्रेस विधायक दल की बैठक

**रायपुर, 18 अगस्त [एजेंसी]।**



कांग्रेस विधायक दल की 20 अगस्?त को बैठक होगी। यह बैठक नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास के राजधानी रायपुर स्थित सरकारी आवास पर सुबह साढ़े 10 बजे होगी। इस बैठक में 2 एजेंडा पर चर्चा होगी। डॉ. महंत ने कांग्रेस के सभी विधायकों को बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने के लिए कहा है। डॉ. महंन ने बताया कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल की बैठक 20 अगस्त 2024 को सुबह 10.30 बजे नेता प्रतिपक्ष कार्यालय छत्तीसगढ़ विधानसभा मे आहूत की गयी है। इसमें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की जयंती पर स्मरण, श्रद्धांजलि के साथ ही भिलाई विधायक देवेंद्र की गिरफ्तारी और प्रदेश के विभिन्न विषयो पर चर्चा होगी। डॉ. महंत ने इसको लेकर एक वीडियो संदेश भी जारी किया है। पार्टी नेताओं के अनुसार भिलाई नगर सीट से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को कांग्रेस बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है। विधायक दल की बैठक में यादव की गिरफ्तारी का प्रदेशव्यापी विरोध करने सहित अन्य विषयों पर चर्चा हो सकती है। विधायक यादव को बलौदाबाजार हिंस मामले में गिरफ्तार किया गया है। एक दिन पहेल (शनिवार) को बलौदबाजार से भिलाई पहुंची पुलिस की टीम ने दिनभर की मशक्कत के बाद शाम को विधायक को गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार मामला सतनामी समाज से जुड़ा हुआ है, इस वजह से पार्टी से बहुत गंभीरता से ले रही है। यादव पर लोगों को भड़काने का आरोप है। बताते चले कि बलौदाबाजार में उग्र भीड़ ने कलेक्टोरेट परिसर में जमकर तोड़फोड़ और आगजनी की थी।

## राज्यों को निर्देश, हर 2 घंटे में गृह मंत्रालय को दें कानून व्यवस्था की जानकारी



**दिल्ली।** कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है. गृह मंत्रालय के नए आदेश के अनुसार, अब सभी राज्यों को अपने कानून व्यवस्था की जानकारी गृह मंत्रालय को हर 2 घंटे पर देनी होगी। राज्यों में बढ़ रहे अपराध को देखते हुए गृहमंत्रालय ने यह फैसला लिया है और सभी राज्यों को आदेश जारी किए हैं। राज्य पुलिस बलों को भेजे गए संदेश में गृह मंत्रालय ने कहा कि विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर सभी राज्यों की कानून व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखी जानी चाहिए। गृह मंत्रालय ने अपने आदेश में सभी राज्यों को कानून व्यवस्था की रिपोर्ट हर 2 घंटे में ईमेल, फैक्स या व्हाट्सएप के माध्यम से केंद्र को भेजनी होगी. भेजे गए संदेश में कहा गया है, इसके बाद से, कृपया इस संबंध में लगातार दो घंटे की कानून व्यवस्था की स्थिति रिपोर्ट आज शाम 4 बजे से फैक्स/ईमेल/व्हाट्सएप के जरिए गृह मंत्रालय नियंत्रण कक्ष (नई दिल्ली) को भेजी जाए।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# पिकअप और प्राइवेट बस की भिड़ंत में आठ लोगों की मौत



**बुलंदशहर।** शिकारपुर-बुलंदशहर रोड पर मैक्स पिकअप और प्राइवेट बस की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि आठ लोगों की जान चली गई और 21 लोग घायल हो गए। मरने वाले सभी लोग अलीगढ़ जिले की अतरौली तहसील के गांव रायपुर खास अहिर नगला के रहने वाले हैं। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में घायलों का उपचार करने में डाक्टरों की टीम जुटी है।पुलिस के मुताबिक अलीगढ़ जनपद की अतरौली तहसील के गांव रायपुर खास अहिर नगला के 40 से अधिक लोग गाजियाबाद ये अलीगढ़ जा रहे थे। ये लोग गाजियाबाद के बुलंदशहर रोड बी-10 स्थित बिरटानिया डेल्टा फूड कंपनी में नौकरी करते थे। रविवार की सुबह सभी लोग मैक्स पिकअप गाड़ी में सवार होकर गाजियाबाद से अपने घर के लिए निकले थे। तभी सलेमपुर थाना क्षेत्र में सामने से आ रही एक प्राइवेट बस ने पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी में दम तोड़ा है। इसके साथ ही 21 लोग घायल हुए हैं। मरने वाले और घायल सभी पिकअप में सवार थे। सूचना मिलते ही सरकारी एंबुलेंस दुर्घटना स्थल पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल लेकर आई। जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचकर घायलों का हाल जाना और डाक्टरों को इलाज के निर्देश दिए। मरने वाले लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

## इंदौर में राजस्व अधिकारियों पर चलाई थीं 28 गोलियां, सुबह 5 बजे ढहाया बदमाश का घर



**इंदौर।** इंदौर शहर में राजस्व अधिकारियों पर गार्डों से गोलियां चलवाने वाले बदमाश का घर प्रशासन ने रविवार सुबह ढहा दिया। पुलिस, नगर निगम और प्रशासन की टीम सुबह 5 बजे कार्रवाई करने पहुंच गई थी। भंवरासला में विगत दिनों अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा हटाने गए राजस्व अधिकारियों पर सुरेश पटेल और उसके गार्डों ने गोलियां चला दी थी।

मामले में कलेक्टर आशीष सिंह ने सुरेश पटेल और तीन अन्य आरोपियों को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत निरूद्ध करने के आदेश जारी किए। आज सुबह पटेल के अवैध निर्माणों पर नगर निगम द्वारा रिमूवल की कार्रवाई की गई। बाणगंगा थाना क्षेत्र के भंवरासला में 14 अगस्त को अरबिंदो अस्पताल की जमीन का कब्जा हटाने गए तहसीलदार सैवाल सिंह, नायब तहसीलदार जितेंद्र वर्मा और पटवारी मयंक चतुर व प्रदीप सिंह चौहान पर कब्जेदार सुरेश पटेल के गार्डों ने गोलियां चला दी थी।

**पेवर ब्लॉक**
सीमेंट से निर्मित (राखड़ मुक्त) उच्च क्वालिटी के पेवर ब्लॉक
जिग्जैक | आई | कॉस्मिक | बर्फी | एक्सकॉन
एवं अन्य प्रकार के डिजाइन में
उचित मुल्य पर उपलब्ध
चेकर टाईल्स
पेट्रोल पंप के लिए रबर मोल्ड जिग्जैक भी उपलब्ध है ।
संपर्क करें - 94255-40449
ऐरन इंटरप्राईजेस
कोरबा (छ.ग.)

## तरारी से पूर्व विधायक सुनील पांडेय भाजपा में शामिल प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दिलाई सदस्यता



**पटना 18 अगस्त।** बिहार में चार सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर दलों के बीच रणनीति हलचल तेज हो गई है। इसके साथ ही भाजपा अभी से बिसात बिछाने में जुट गई है। पार्टी की कोशिश हर हाल में चार की चार सीट राजग की झोली में डालने की है। इसी लक्ष्य के तहत भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रहे नरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ सुनील पांडेय को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभालते ही दिलीप जायसवाल ने पांडेय को पार्टी से जोड़कर बड़ा संदेश दिया है। पांडेय ने रविवार को तामझाम के साथ भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पार्टी प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# झारखंड में सियासी भूचाल, पूर्व सीएम चंपई सोरेन 3 विधायकों के साथ दिल्ली रवाना

**रांची, 18 अगस्त [एजेंसी]।**



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन 3 जेएमएम विधायकों समेत आज दोपहर 3 बजे दिल्ली भाजपा मुख्यालय में बीजेपी जॉइन कर सकते हैं। चंपई सोरेन एयर इंडिया फ्लाइट संख्या 0769 से दिल्ली रवाना हुए हैं। वहीं चंपई सोरेन के दिल्ली जाने से सियासी हलचल तेज हो गई है। दशरथ गगराई, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा, लोबिन हेमब्रोम, समीर मोहंती भी संपर्क में नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक चंपई सोरेन बीजेपी के बड़े नेताओं के संपर्क में हैं। दो दिन पहले से ही उनके पाला बदलने की अटकलें तेज हो गई थी।राजनीतिक जानकारों के मुताबिक चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से आगामी विधानसभा चुनाव में आदिवासी वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाने में बड़ी मदद मिलेगी। लेकिन पार्टी के अंदर खेमेबाजी भी तेज होगी। चंपई का जमशेदपुर समेत कोल्हान क्षेत्र में मजबूत पकड़ है। खासकर पोटका, घाटशिला और बहरागोड़ा, ईचागढ़, सरायकेला-खरसावां व प. सिंहभूम जिले के विधानसभा क्षेत्रों में मजबूत जनाधार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में चंपई ने जमशेदपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ा था। आदिवासी बहुल इन क्षेत्रों में संथाल और भूमिज समुदाय ने झामुमो को जमकर समर्थन दिया था। कोल्हान के विधानसभा चुनाव में जीत का अंतर 10 से 20 हजार तक ही होता है।

# बारिश से खतरनाक बना गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग, यात्रियों को जाने की अनुमति नहीं

**रूद्रप्रयाग, 18 अगस्त [एजेंसी]।**



केदारनाथ पैदल मार्ग आवाजाही के लिए भले ही सुचारु कर दिया गया हो, लेकिन कई स्थानों पर डेंजर जोन उभर आए हैं। शुक्रवार रात क्षेत्र में भारी वर्षा होने से इन स्थानों पर दुर्घटना का खतरा बढ़ गया।केदारनाथ धाम के लिए रविवार को भी यात्री सोनप्रयाग से आगे रवाना नहीं हुए। बारिश व रास्ते की स्थिति को देखते हुए यात्रियों को आगे जाने की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि स्थानीय लोग व व्यापारियों को जाने की अनुमति दी जा रही है। इसको देखते हुए शनिवार को किसी भी तीर्थयात्री को पैदल मार्ग से धाम जाने की अनुमति नहीं दी गई। इस दौरान 50 से अधिक तीर्थयात्री सोनप्रयाग से धाम के लिए रवाना होना चाहते थे, जिन्हें सुरक्षा की दृष्टि से वहीं रोक दिया गया। हेली सेवा से यात्रा जारी है। आपदा में ध्वस्त हुए गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग को मरम्मत के बाद शुक्रवार को यात्रा के लिए खोल दिया गया। है। फिलहाल, आपदा प्रभावित क्षेत्र में मार्ग को एक से डेढ़ मीटर ही चौड़ा किया जा सका है। सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच पैदल आवाजाही पहले ही शुरू हो चुकी है, लेकिन केदारघाटी में निरंतर भारी वर्षा होने से पैदल यात्रा मार्ग पर कई जगह दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

# पोड़ी ब्लाक के विभिन्न स्थानों पर आजादी का पर्व धूमधाम से संपन्न

**पोड़ी-उपरोड़ा।** देश की आजादी की 77 वीं वर्षगांठ पर कोरबी चोटिया सहित ग्राम लाद, एवं विभिन्न गांवों में समारोह की धूम रही। पुलिस चौकी, लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, पशु औषधालय, आदिवासी सेवा सहकारी समिति कार्यालय, ग्राम पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हायर सेकेंडरी स्कूल सहित विभिन्न शिक्षण और गैर शैक्षणिक संस्थाओं पर शान तिरंगा फहराया गया और शहीदों को नमन किया गया । इस मौके पर सपना मिलकर राष्ट्रगान गया और देश की आजादी की सुरक्षा के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का संकल्प लिया गया, पुलिस चौकी में अफसर हुसैनखान चौकी प्रभारी के द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी दी गई तथा स्वतंत्रता दिवस की बधाई सभी ने राष्ट्रगान के बाद अमर शहीदों को स्मरण कर उन्हें याद कर अमर रहे किनारे लगाए, एच के नायक,ने अपने समस्त स्टाफ की उपस्थित में तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय तिरंगे को सलामी दी तथा स्वतंत्रता दिवस की बधाई सभी ने राष्ट्रगान की बात अमर शहीदों को स्मरण कर उन्हें याद कर अमर रहे के नारे लगाए, ग्राम पंचायत भवन में श्रीमतीशेषमणि मरावी नेध्वजारोहण किया* पंचायत कार्यालय में 78 वीं स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम पंचायत कोरबी की सरपंच शेषमणि मरावी, ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय ध्वज को फहराया व तिरंगे को सलामी दी इस मौके पर पंचायत के सचिव मोती सिंह कोराम, उप सरपंच श्रीमती ईदु देवी जयसवाल, प्रतिनिधि मुरारी लाल जायसवाल,व समस्त पंच गणों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी व आजादी की 78 वीं वर्षगांठ की एक दूसरे को बधाई दी गई,फुलसर



प्राथमिक शाला में आजादी की 78 वीं वर्षगांठ पर विद्यालय में शान से फहराया तिरंगा शहीदों को नमन किया गया इस मौके पर सब ने मिलकर राष्ट्रगान गाया और देश की आजादी की सुरक्षा के साथ सामाजिक एकता भाईचारे का संकल्प लिया जिसमें मुख्य रूप से प्रधान पाठक श्रीमती अनीता वाजपेई, एवं सभी पालक मुख्य रूप से उपस्थित थे, ग्राम लाद हाई स्कूल में प्राचार्य जेएल जगत , नेफहराया तिरंगा ग्राम पंचायत लाद हाई स्कूल में शान से तिरंगा फहराया गया और शहीदों को नमन किया गया इस मौके पर सबने मिलकर राष्ट्रगान गाया और देश की आजादी की सुरक्षा के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का संकल्प लिया, ग्राम पंचायत पाली हाई स्कूल मेंप्राचार्य गंगाराम कुर्रे, नेफहराया तिरंगा, आजादी की 78 वीं वर्षगांठ पर स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हषोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें मुख्य रूप से संकुल प्रभारी रवि कुमार चौबे, एवं जनप्रतिनिधि गण व पालक उपस्थित थे

# उद्योग मंत्री के समक्ष कई लोगों ने किया भाजपा प्रवेश



**कोरबा।** प्रदेश के वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज इंटक एनटीपीसी के सचिव समेत कांग्रेस के आधा दर्जन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भाजपा प्रवेश कराया।

भाजपा के रीति नीति और उद्योग मंत्री श्री देवांगन के विकास कार्यों से प्रभावित होकर सभी ने भाजपा प्रवेश किया। आज चारपारा कोहड़िया में उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के निवास स्थान पर सभी कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री देवांगन से सौजन्य भेंट की।इस अवसर पर नव प्रवेशित कार्यकर्ताओं ने बताया की जिस तरह मंत्री श्री देवांगन द्वारा कोरबा के सभी वार्डों के विकास के लिए तेजी से कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं उससे प्रभावित होकर सभी ने भाजपा में प्रवेश करने की इच्छा जाहिर की। एनटीपीसी इंटक के सचिव रामकुमार सोनकर, कांग्रेस के भुनेश भारिया, शैलेन्द्र कुमार, महेश देवांगन, शिव प्रसाद भारिया, मोहपाल चौहान व आप के देव कैंवट को मंत्री श्री देवांगन ने भाजपा प्रवेश कराया।इस अवसर पर कौशल देवांगन, मंडल अध्यक्ष दर्री ईश्वर साहू, महामंत्री मनोज लहरे, महामंत्री संजय कुर्मवंशी, सुनील भट्पहरे, अशोक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अवध गवेल, रतिचन्द देवांगन, रामाधार प्रजापति, प्रकाशदीप यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अंगदान महादान विषय पर आयोजित किया गया जागरूकता अभियान

कोरबा। अंचल में एक जागरूकता अभियान के दौरान अंगदान महादान से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन इनरव्हील क्लब द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम हरि किशन पब्लिक स्कूल में डॉ. प्रदीप देवांगन के तत्वावधान में आयोजित किया। उन्होंने अंगदान के लिए एक महत्वपूर्ण संबोधन के जरिए जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. देवांगन ने कहा कि अपने आस पड़ोस व परिवार में जागरूकता फैलाएं। उन्होंने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि कैंसर से बचाव हेतु एवं तंबाकू का इस्तेमाल नहीं करें। डॉ. प्रदीप देवांगन शासन से अनेक पुरस्कार से सम्मानित हैं। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब कोरबा के अध्यक्ष बाबी धनंजल, सचिव प्रतिभा पुंडलिक, आईएसओ नेहा अरोरा, आईपीपी बसंता मनोहर, पीपी रीता क्षेत्रपाल, मीनू गुलाटी उपस्थित थे।

## नवापारा में भारी भरकम शिकायत के बाद शिक्षिका निलंबित

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत पाली विकासखंड के हरनमूड़ी के पालको की शिकायत पर प्राथमिक शाला के नाका पारा के सहायक शिक्षिका को डीईओ ने निलंबित कर दिया है।

पाली विकासखंड के हरनमूड़ी के सरपंच व ग्रामीणों ने जनदर्शन में कलेक्टर को शिकायत कर अनुपस्थित रहने वाले शिक्षिका पर कार्यवाही करने मांग की थी। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने जांच के आदेश दिए थे। जांच के बाद शिकायत सही पाए जाने और पाली बीईओ के जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्राथमिक शाला नाका पारा स्कूल से नदारत रहने वाली शिक्षिका को निलंबित किया गया है।

## सरस्वती विद्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



कोरबा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय प्रगति नगर एन टी पी सी कोरबा में स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के कोषाध्यक्ष यशवंत सिंह ठाकुर, संस्था प्रमुख प्राचार्य लक्ष्मी नारायण जायसवाल, प्रधानाचार्य परस राम देवांगन द्वारा किया गया. कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती, भारत माता एवं अमर शहीदों के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. देश भक्ति गीत, हिंदी, अंग्रेजी में भाषण एवं समूह गीत के प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया. इस अवसर पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण जायसवाल ने कहा कि हमें यह आजादी बहुत मुश्किल से मिली है. हमारे जन्मभूमि के प्रति प्रेम की भावना एवं अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता हमारे लिए आवश्यक है. मुख्य अतिथि यशवंत सिंह ठाकुर ने सभी लोगों को 78वां स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमें भी देश, समाज के लिए कार्य करना है. देश सेवा सर्वोपरि है. आज देश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है. स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में सभी आचार्य /दीदी सम्मिलित हुए. कार्यक्रम का संचालन आचार्य मुरारी लाल साहू द्वारा किया गया.

## जिला जेल में इस वर्ष बांधी जाएगी राखी

कोरबा। कोरबा के जिला जेल में पूरे 4 साल के बाद रक्षाबंधन की परंपरा निभाई जा सकेगी। सरकार से मिली गाइडलाइन के बाद इस दिशा में आवश्यक तैयारी की जा रही है। जेलर ने बताया कि सुबह 8ः00 से 4ः00 तक यहां बंदियों को राखी बांधी जा सकेगी। राखी को छोड़कर शेष आवश्यक सामग्री की व्यवस्था जेल प्रबंधन खुद कर रहा है

## जिलाधीश के बंगले में नाग निकलने पर मची अफरा-तफरी

**कोरबा।** कोरबा जिलाधीश के बंगले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां काम कर रहे एक व्यक्ति ने एक जहरीले नाग को फन फैलाए देखा। इसके बाद वह काफी घबरा गया और उसने तत्काल वहां उपस्थित अधिकारियों को इसकी सूचना दी।सूचना मिलते ही अधिकारी ने आरसीआरएस संस्था के अध्यक्ष अविनाश यादव को फोन करके जानकारी दी। अविनाश यादव ने देरी न करते हुए तत्काल कलेक्टर बंगला पहुंचकर देखा कि वहां एक नाग फन फ़ैलाये बैठा हुआ है। अविनाश यादव ने वहां काम कर रहे लोगों को शांत किया और उसके बाद नाग का सफल रेस्क्यू किया। इसके बाद उसे उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

कोरबा में खतरनाक विषधरों का निकलना आम बात हो गई है। लोगों को बारिश के मौसम में हमेशा सावधान रहने की जरूरत है जिससे कि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। अविनाश यादव ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि आपके घर में या आस-पास कोई भी जीव जंतु दिखे तो आप वन विभाग और आरसीआरएस संस्था से संपर्क कर सकते हैं।

## जिला आटो संघ ने मनाया शान से फहराया तिरंगा



**कोरबा।** जिला ऑटो संघ के तत्वाधान में 15 अगस्त को पुराना बस स्टेंड कोरबा में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया।

इस मौके पर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने जिला ऑटो संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन किया है। अनेको महापुरुषों ने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को अंग्रेजो के गुलामी से आजाद कराया है। श्रीमती अग्रवाल ने ऑटो संघ के सदस्यों से कहा कि आप सभी ऑटो चालाक कोरबा के विकास में अपनी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। यह भी देश प्रेम की श्रेणी में आता है। कोई भी डॉक्टर, इंजीनियर वैज्ञानिक, खिलाड़ी, कलाकार, श्रमिक, मजदूर, व्यापारी, कारीगर अपने क्षेत्र में योगदान देते है तभी देश आगे बढ़ता है। देश की नाम रोशन होता है।कार्यक्रम के शुरुआत में जिला ऑटो संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि रेणु अग्रवाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव यशवंत कौशिक ने किया तथा अध्यक्ष गिरिजेश सिंह ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर इस्लाम खान, श्यामदास (गुरूजी), आजम खान, मिथुन सरकार, लक्ष्मण स्वामी, विजय नायडु, जैकी जैकब राय, माना यादव, मोहन खत्री, बी यादव, पंकज तिवारी आदि उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव



कोरबा । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने जिला कार्यालय कोरबा में सावन उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया, जिसमें कोरबा जिले के पूर्व सांसद स्व. श्री बंशी लाल महतो की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या महतो का मुख्य अतिथि के रूप में आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमति वैशाली रत्नपारखी के द्वारा सभी बहनों को सावन उत्सव की बधाइयां दी गई। जिला एवं मंडल की सभी बहनों द्वारा कई संस्कृत नृत्य एवं लोक गायन की प्रस्तुति दीइस कार्यक्रम में महिला मोर्चा प्रभारी श्रीमती ज्योति पांडेय, महामंत्री श्रीमती संजू देवी राजपूत, श्रीमती ललिता डिक्सेना, पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश मंत्री व पार्षद सुश्री रितु चौरसिया, अ.ज.जा. मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुकरीता कुर्रे, महिला मोर्चा जिला मंत्री श्रीमती रानी यादव, युवा मोर्चा की प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य श्रीमती प्रीति स्वर्णकार, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शीतला विश्वकर्मा, स्वाति कश्यप, अर्चना रुणीझा, देवकी साहू, कमला किंडो, प्रतिमा सोनवानी सहित सभी पार्षद एवं मंडल की बूथ स्तर तक की सदस्य उपस्थित रहीं। सभी ने हर्ष और उल्लास से सावन का झूला झूल कर सावन उत्सव मनाया।

# आत्मानंद स्कूल में राठौर ने किया पुरस्कार वितरण



**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय हरदी बाजार में 78वां आजादी के वर्षगांठ स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व बड़ी धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया तथा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष व जनभागीदारी व प्रबंध समिति के अध्यक्ष चुलेश्वर राठौर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का मनमोहक प्रस्तुति किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुलेश्वर राठौर ने देश को आजादी दिलाने वाले महापुरुषों को याद किया गया तथा उसे समय के कठिनाइयों को अवगत कराया तथा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा देश में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं को उल्लेख किया वही विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर जिन विषयों पर शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम मिला उन शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई भी दिए तथा बच्चों का मनोबल भी बढ़ाया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जीएस कंवर जी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हरदी बाजार के जनभागीदारी अध्यक्ष छोटेलाल पटेल, हाई स्कूल आमगांव के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष पंकज धुर्वा, हरदी बाजार के जनपद सदस्य अनिल टंडन,जगदीश अग्रवाल युवा नेता विनय चंद्राकर, मदन राठौर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, मीरा रामशरण कंवर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रामशरण कंवर पूर्व सरपंच, गांव के वरिष्ठ बद्री प्रसाद राठौर, विजय जायसवाल,भुनेश्वर राठौर,मनहरण पटेल,बंटी राठौर,बजरंग यादव,लोकेश्वर कंवर, दूजेलाल टंडन, व्याख्याता श्रीमती बिमला राठौर, श्रीमती गायत्री राठौर,उत्तम लाल डहरिया,प्रमोद कुमार राठौर, विजय कुमार राठौर,श्रीमती रीता सिंह,श्रीमती प्रियम्बा राजवाड़े, श्रीमती अदिति उपाध्याय, श्रीमती कंचनशीला नायक, सहायक शिक्षक विज्ञान छतराम सिदार, श्रीमती नीलिमा पाण्डेय,सहा.ग्रेड 3 श्रीमती लता अनंत,भृत्य मनहरण लाल यादव,पुनी राम कोरवा,भोपाल सिंह नेटी,प्रकाश ध्रुव विद्यालय के स्टॉप व बच्चे तथा गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

## ठेकेदार के घर में चोरी, तीन पकड़ाए

**कोरबा।** कोतवाली पुलिस थाना के पास ठेकेदार के घर से हुई चोरी के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है इस सिलसिले में दो चोर और एक खरीदार को गिरफ्तार किया गया है ।जबकि चोरी का मास्टरमाइंड कालेश्वर चिनगारू फरार है। पुलिस के द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। अंबिकापुर जिले के मैनपाट की यात्रा करने गए ठेकेदार श्याम गोयल को लगभग 3 लाख की चपत चोरों ने लगा दी थी। उनके घर का ताला तोड़कर चोरों ने चांदी की मूर्तियां सिक्के के अलावा कई सामान पार कर दिए थे। कोतवाली पुलिस ने ठेकेदार गोयल की शिकायत पर प्राथमिक की दर्ज की और जांच पड़ताल तेज की।

# डीएव्हीपब्लिक स्कूल एसईसीएल में शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए क्षमता विकास संवर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्रान्तर्गत डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा में एक दिवसीय क्षमता विकास संवर्धन कार्यशाला का आयोजन शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में आमंत्रित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वागत वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा विद्यालय द्वार पर किया गया।

कार्यक्रम के विषय विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती वी. शोभा शैक्षणिक निदेशक, अभ्युदय पब्लिक स्कूल कवर्धा, फजुल अहमद, उप प्राचार्य, अभ्युदय पब्लिक स्कूल कवर्धा थे। विषय विशेषज्ञों का औपचारिक स्वागत प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कार्यशाला की शुरुआत विषय विशेषज्ञों, विद्यालय की प्राचार्या द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और मंत्रोच्चार के साथ हुआ। स्वागत की इस कड़ी में विद्यालय की नन्हीं मुन्नी छात्राओं द्वारा आगंतुक अतिथियों के सम्मान में मधुरिम स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई । इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती ने स्वागत भाषण और कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए कहा की इस कार्यशाला में जिले भर के लगभग 60 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रशिक्षार्थियों के रूप में सम्मिलित हुए थे। जिन्होंने शिक्षण शास्त्र, शिक्षण अधिगम, शिक्षण समस्याओं, उनके निराकरण, सीबीएसई की शिक्षण विधियों, नई शिक्षा नीतियों, शिक्षण तकनीकी की बारीकियों को सीखा और उन्हें आज की शिक्षण विधियों में अपने शैक्षणिक पाठ्य-योजना में आत्मसात करने का आह्वान किया।इस सफल कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के संगीत शिक्षक घनश्याम तिवारी द्वारा किया गया। अंत में आगंतुक अतिथियों, प्रशिक्षार्थियों के प्रति आभार प्रदर्शन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती टी. मैरी मैडम ने किया। इस सफल कार्यशाला कार्यक्रम के आयोजन में समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सदस्यों का अमूल्य योगदान रहा।





# न्यू कोरबा हॉस्पिटल में किया गया ध्वजारोहण



कोरबा। 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर न्यू कोरबा हॉस्पिटल में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। सुबह 8:30 बजे हॉस्पिटल के सीनियर डॉक्टर व सर्जन एस. पालीवाल ने एनकेएच परिसर में ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान गाने के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. पालीवाल ने स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। ततपश्चात वरिष्ठ सर्जन स्व. डॉ. जी.एल. वाधवानी को भी श्रद्धांजलि दी गई।

इस दौरान डॉ. पालीवाल ने कहा है कि हम सभी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान, व्यक्तित्व और आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में चरित्र और नैतिक मूल्यों के गुणों को आत्मसात करना चाहिए। यह पर्व राष्ट्रीय एकता, शांति और सद भाव की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर है।इस अवसर पर डॉ.अरुण तिवारी, डॉ. अविनाश तिवारी, डॉ. अनिल अरोरा, डॉ.सुदीप्ता शाह, डॉ.नागेंद्र बागरी, डॉ. अमन श्रीवास्तव सहित रूना कुमार, नाहिदा, प्रवीन तिवारी व् सभी हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद थे । कार्यक्रम का संचालन राजेश चंदानी व आभार अंकिता चक्रवर्ती ने किया गया । अंत मे सभी मरीजों व उनके परिजनों को डॉक्टरों व सीनियर एडमिन स्टाफ के द्वारा मिष्ठान व जूस वितरण किया गया।

# मारपीट की घटना में घायल बच्ची की मौत, पिता हिरासत में

**जांजगीर-चांपा।** पिता के पिटाई से घायल बच्ची को उपचार के लिए बीडीएम अस्पताल चांपा में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

आरोपित पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार चांपा के मिशन फाटक के पास रहने वाला सलमान उर्फ डीशान अली पेशे से गाड़ी मैकेनिक अपनी दो छोटी-छोटी बेटियों के साथ घर में रहता है।

शनिवार दोपहर को दोनों लड़कियों के बीच एक खिलौने को लेकर झगड़ा हो गया, जिसके बाद पिता ने गुस्से में आकर दोनों बेटियों की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना की जानकारी जब शाम को मोहल्ले वासियों को लगी तो उन्होंने फौरन दोनों बच्चियों को अस्पताल में भर्ती कराया।

**छोटी बेटी गंभीर रूप से घायल**



पिता ने इतनी बेदर्दी से बच्चियों को पीटा था कि एक बच्ची अलीषा परवीन (8 वर्ष) की घर पर ही मौत हो गई थी, जबकि छोटी बेटी गंभीर रूप से घायल है। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि आरोपी सलमान उर्फ़ डीशान सनकी किस्म का व्यक्ति है और उसका अपनी पत्नी से अक्सर अनबन होता रहता है, जिसके चलते पत्नी ने उसे छोड़ दिया था। पत्नी के जाने के बाद सलमान उर्फ़ डीशान अपनी दोनों बेटियों को अपने पास रखता था, जबकि उनकी मां बीच-बीच में बेटियों से मिलने आती थी।

चांपा के मिशन फाटक के पास रहने वाला सलमान उर्फ डीशान अली पेशे से गाड़ी मैकेनिक है वह अपनी दो बेटियों के साथ रहता है। शनिवार को दोनों लड़कियों के बीच एक खिलौने को लेकर झगड़ा हो गया जिसके बाद पिता ने गुस्से में आकर दोनों बेटियों की बेरहमी से पिटाई कर दी। एक बेटी की मौत हो गई है, आरोपित पिता को हिरासत में लिया गया है।

डा नरेश पटेल,थाना प्रभारी, चांपा

# जादू टोना के शक में हत्या, एक गिरफ्तार

**अकलतरा।** नगर के खोड़ मार्ग में शुक्रवार को एक अधेड़ महिला का शव झाड़ियों में संदिग्ध हालात में मिला था। पुलिस ने महिला की गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित युवक के मन में यह अंधविश्वास था कि उसकी मां की असामायिक मौत महिला के जादू टोना करने के कारण हुई थी।

इसी गुस्से से उसने हत्या करने के बाद महिला के प्राइवेट पार्ट में लकड़ी का टुकड़ा भी घुसा दिया था। मामला अकलतरा थाना का है।पुलिस को खोड़ मार्ग में सड़क किनारे झाड़ियों में एक महिला का शव मिला था। जिसके बाद अकलतरा थाना प्रभारी मणीकांत पांडेय स्टाफ के साथ मौके पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को बुलाया गया था।

मौके पर पहुंचे महिला के स्वजन ने पुलिस को बताया कि महिला गुरुवार की रात आठ बजे घर से निकली थी जिसके बाद घर वापस नहीं लौटी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शार्ट पीएम रिपोर्ट में महिला का गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरूद्ध धारा 103 (1) कायम कर विवेचना में लिया।

## ऊर्जा सचिव के हाथों एई महेष को मिला सम्मान

**चांपा।** 15 अगस्त के अवसर पर चेयरमैन उर्जा सचिव पी. दयानंद ने बिजली विभाग चांपा संभाग के सहायक अभियंता महेश जायसवाल को सम्मानित किया है। वे जोन के ट्रांसफार्मरों को स्थानीय स्तर पर सुधरवा कर, ट्रांसफार्मर विफलता दर को 12प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत करने व चांपा शहर के अंतर्गत बजली लाइनों का प्रभावी ढंग से रख-रखाव एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण कर अल्पसमय में बिजली आपूर्ति को बहाल करने में उल्लेखनीय कार्य करते हैं। उनके ऐसे कार्यों की चर्चा नगर में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में है। इस क्रम में जिला कलेक्टर कार्यालय जांजगीर-चांपा में उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा सम्मानित किया गया है।

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का ब्राह्मण समाज ने सम्मान किया

**अकलतरा।** सर्व ब्राह्मण समाज अकलतरा ब्लॉक ने नगर के रामकुटी मंदिर प्रांगण में विकासखंड के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का समान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ तिवारी के मुख्य आतिथ्य, थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम में सौरभ तिवारी ने कहा कि सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाने सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया है। जीवन में हमें एक लक्ष्य बनाना चाहिए और लक्ष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ना चाहिए। सफलता जरूर मिलेगी। वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का युग है। प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के साथ व्यक्तित्व का विकास भी करना होगा। थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय ने कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम करके ही सफलता मिलती है। सफलता का कोई भी शॉर्टकट नहीं होता।

सर्व ब्राह्मण समाज ने समाज को आगे बढ़ाने कई गतिविधियों का संचालन करने के साथ छात्र-छात्राओं के मनोबल बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

# मुआवजा अटकाया तो उठायी एसडीएम की कार



**जांजगीर - चांपा।** केएसके पावर प्लांट के लिए अधिगृहीत भूमि का मुआवजा किसान को नहीं दिए जाने के मामले में प्रथम अपर जिला न्यायाधीश शैलेंद्र चौहान ने कलेक्टोरेट परिसर की भूमि को कुर्क करने और चिन्हांकित शासकीय वाहनों को जब्त करने का आदेश जारी किया है। इस आधार पर शुक्रवार को एसडीएम ममता यादव के शासकीय कार को न्यायालय परिसर में जब्त किया गया। न्यायालय ने एक करोड़ 37 लाख 16 हजार 91 रूपये भुगतान करने का आदेश कलेक्टर को दिया है।

अकलतरा तहसील के नरियरा में स्थापित केएसके पावर प्लांट के लिए 2011 में भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई की गई थी। वहां की सुरेखा सिंह की 96 डिसमिल भूमि का भी अधिग्रहण किया गया। इसके बदले उन्हें सात लाख 52 हजार रूपये का भुगतान किया गया। मगर जमीन डायवर्टेड होने के कारण उन्होंने शासकीय गाइड लाइन के अनुसार मुआवजे की मांग की मगर यह राशि उन्हें नहीं दी गई।

तब उन्होंने प्रथम अपर जिला न्यायाधीश के न्यायालय में सिविल वाद प्रस्तुत किया और न्यायालय ने उनके पक्ष में फैसला दिया। इसके बाद भी उसे जमीन का बाजार मूल्य एक करोड़ पांच लाख 75 हजार रूपये भुगतान नहीं किया गया तो न्यायालय के फैसले के क्रियान्वयन के लिए प्रथम अपर जिला न्यायाधीश के न्यायालय में आवेदन किया। इधर इस फैसले के विरूद्ध जिला प्रशासन ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में अपील की। अप्रैल 2022 में उच्च न्यायालय में भी सुरेखा सिंह के पक्ष में निर्णय आया और उसे उसकी भूमि का मुआवजा शासकीय गाइड लाइन के आधार पर देने का आदेश दिया गया। इसके बाद भी उन्हें जमीन का मुआवजा नहीं मिला।

इस पर प्रथम अपर जिला न्यायाधीश शैलेंद्र चौहान ने जिला नाजीर को आदेश दिया कि सुरेखा सिंह को डिक्री की रकम व ब्याज सहित एक करोड़ 37 लाख 16 हजार 91 रूपये कलेक्टर जांजगीर चांपा से दिलाएं या कलेक्टोरेट परिसर की शासकीय भूमि को कुर्कऔर शासकीय वाहन को जब्त करें।

न्यायालय के आदेश पर कलेक्टोरेट में शुक्रवार को कुर्क वारंट लेकर पहुंचे थे। मगर वहां पहुंचने से पहले ही एक एक कर सूचीबद्ध शासकीय वाहन वहां नहीं मिले। अपर कलेक्टर ने उच्चाधिकारियों से चर्चाकरने की बात कही है, एक वाहन को जब्त किया गया है। एसडीएम ने जब्ती की कार्रवाई में हस्ताक्षर करने व चाबी देने से इंकार कर दिया। उच्चाधिकारियों ने मामले में सहयोग नहीं किया।

लक्ष्मी श्रीवास्तव, नाजिर, जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर

भूमि मुआवजा की राशि भुगतान नहीं होने पर न्यायालय से कुर्की का आदेश जारी हुआ है। यह मामला शासन स्तर का होने से उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जा रहा है। न्यायालय में इस मामले के संबंध पहुंची एसडीएम के सरकारी वाहन को वहीं रोक लिया गया है।

एसपी वैध,अपर कलेक्टर जांजगीर चांपा

## टाई-बेल्ट का वितरण किया छात्रों को




**पामगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला पामगढ़ में पदस्थ नवाचारी शिक्षिका पुष्पलता कृष्णा ने अपने स्वयं के खर्चे से प्राथमिक शाला पामगढ़ में अध्ययनरत 130 सभी बच्चों को निशुल्क टाई, बेल्ट और आईडी कार्ड बांटी। शिक्षिका का कहना था कि सरकारी स्कूल के बच्चों को पुस्तक और गणवेश नि:शुल्क प्रदान किया जाता है। अगर उनको टाई, बेल्ट और आईडी कार्ड मिल जाता है तो उसकी सुंदरता और बढ़ जाती है और उसमें एकरूपता और समानता की भावना का विकास होता है। बच्चों में आत्मविश्वास का भाव जागृत होता है। प्रधान पाठक रीता कश्यप ने विद्यालय के सभी शिक्षकों की मौजूदगी में टाई, बेल्ट और आईडी कार्ड बांटा।

## शिक्षक अलंकरण से सम्मानित हुए क्षेत्र के 16 शिक्षक



**अकलतरा।** अकलतरा स्वतंत्रता दिवस पर जनपद पंचायत कार्यालय में शिक्षक अलंकरण समारोह कार्यक्रम का आयोजनां कया गया। इस दौरान जनपद पंचायत ने विकासखंड के 16 शिक्षकों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर शिक्षक अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष शिवानी सिंह ने कहा कि शिक्षकों ने स्कूलों में अध्यापन करवाने के साथ-साथ कई क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान की है। वर्तमान में हम गुरु शिष्य परंपरा को भूलते जा रहे हैं। शिक्षक का सम्मान करना सबका नैतिक कर्तव्य है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामगोपाल कौशिक ने कहा कि शिक्षक द्वारा समाज में महत्वपूर्ण सेवा देने के साथ-साथ देश को आगे बढ़ने का कार्य किया जा रहा है। शिक्षकों का सम्मान करने के साथ उनका उत्साह बढ़ाना चाहिए। जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु गुप्ता ने कहा कि शिक्षकीय पेशा सदैव समर्पण व त्याग के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। शिक्षा के दायित्वों को कर्तव्यनिष्ठता के साथ निभाना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक सूरज साहू, जीवन लाल यादव, हनुमंत राठौर दीपक यादव, विमलेश महिपाल, रामशरण सिंगसर्वा, उपस्थित थे।

# गौरलाटा में 78वें स्वतंत्रता दिवस पर 77 फीट का तिरंगा लहराया

**सक्ती।** जिले की रंजिता राज, सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला पांड़ाहरदी विकासखंड - जैजैपुर, (जिला संगठन आयुक्त गाइड) भारत स्काउट्स/गाइड्स ज़िला संघ सक्ती ने लहराया 77 फीट लंबा तिरंगा।

जैजैपुर विकासखण्ड के जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन व जन प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार प्रजापति द्वारा बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित की गयी।

छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के बाद बलरामपुर जिले में ड्वेंचर ट्रैक का आयोजन किया गया जो की कुसमी के एसडीएम करुण कुमार डहरिया के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, ग्रामीणों सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न ज़िलों से आए 30 प्रतीभागियों ने हिस्सा लिया। भारत के अन्य राज्यों में यह संस्था ड्वेंचर ट्रैक का आयोजन करते आ रहें हैं इंडियन ड्वेंचर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष प्रमेश विजयवार ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य ड्वेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देना है और प्रकृति की सुरक्षा के प्रति जागरुकता फैलाना है। ईदरीपाठ में सभी ने रात्रि के दौरान कैंपिंग कर ड्वेंचर का आनंद लिया। अगले दिन सूबह सभी ने बच्चों, सरपंच व ग्रामीणों सहित ध्वजारोहण किया तत्पश्चात गर्ल्स टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रीमती रंजिता राज द्वारा जंगल में ट्रैकिंग कर भेड़िया जलप्रपात तक मजे करते हुए पहुंचे। उसके बाद शासन-प्रशासन के साथ पुरी टीम ने लगभग 12 किलो मिटर चलकर गौरलाटा चोटी पर 77 फीट का तिरंगा लहराते हुए एक नया कीर्तिमान हासिल किया





साथ ही स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाते हुए एक नया रिकार्ड बनाया।

खराब मौसम होने के बावजूद नहीं टूटा हौसला भारी बारिश और बिजली की गड़गड़ाहट के साथ सभी ने गर्व के साथ बड़ी बुलंदी के साथ अपना 77 फीट का राष्ट्रीय ध्वज लहराया।

कुसमी के एसडीएम सहित, सीईओ, बीईओ, विकेश साहू, ईदरीपाठ के सरपंच व ग्रामीण अमरदीप व प्रमोद जी का विशेष योगदान रहा साथ ही IAF की टीम से प्रमेश विजयवार, नितेश अगरवाल, कुमेश्वर गन्धर्व व IAF के प्रिन्सिपल रोहित झा द्वारा कुशल नेतृत्व किया गया।

## छात्राओं ने पुलिस जवानों को राखी बांधी



**चांपा।** रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त को मनाया जाएगा। रक्षाबंधन के दिन बहनें, भाई की कलाई पर स्नेह और प्रेम का सूत्र बांधती हैं और साथ ही उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। शनिवार को एसडीओपी यदुमणि सिदार, टीआई डॉ. नरेश पटेल, चांपा थाना स्टाफ की पहल से छात्राओं ने पुलिस जवानों के हाथ पर राखी बांधकर रक्षा बंधन का पर्व मनाया।

## सक्ती में मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

**सक्ती।** जिला मुख्यालय सक्ती में देश की आजादी की 77वी वर्षगाठ तथा 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति की भावना और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह कलेक्टर कार्यालय के निकट मैदान में गरिमामय और भव्य रूप से आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर - चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री का जनता के नाम प्रेषित स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन किया। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रीयता और देशभक्ति से ओत-प्रोत शानदार सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई द्य इसके साथ ही इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया द्य

कलेक्टर कार्यालय के निकट मैदान में मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के बाद कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो और पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के साथ परेड का निरीक्षण किया गया। मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर - चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शांति के प्रतीक रंगीन गुब्बारे भी छोड़े गए। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर - चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों से भेंट कर उन्हें स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ ही उन्हें शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्लाटून की टीम ने हिस्सा लिया। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक उमेश कुमार राय ने किया। कुल शामिल प्लाटून में प्रथम पुरस्कार प्लाटून कमांडर पुरुष वर्ग, नेतृत्वकर्ता निरीक्षक कृष्णचंद मोहले, द्वितीय पुरस्कार प्लाटून कमांडर महिला वर्ग नेतृत्वकर्ता प्रधान आरक्षक श्रीमती बिंदुमति राज और तृतीय पुरस्कार प्लाटून कमांडर नगरसेना नेतृत्वकर्ता उप निरीक्षक भूपेन्द्र चंद्रा को प्राप्त हुआ। इसी क्रम में परेड अनप्रोफेसनल वर्ग में प्रथम पुरुस्कार एनसीसी सीनियर वर्ग नेतृत्वकर्ता योगेश वैष्णव, द्वितीय पुरुस्कार एनसीसी जूनियर बालक वर्ग नेतृत्वकर्ता अभिषेक साहू तथा तृतीय पुरुस्कार एनसीसी जूनियर



बालिका वर्ग नेतृत्वकर्ता सुश्री प्रभा साहू को प्राप्त हुआ।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर एशियन वर्ल्ड स्कूल बाराद्वार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्टेशनपारा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कसेरपारा, एम एल जैन स्कूल सक्ती, जिंदल वर्ल्ड स्कूल सक्ती, जे बी डी ए वी विद्यालय सक्ती, संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ती सहित कुल 7 स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति की धुन पर आधारित शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। जिसमें प्रथम पुरस्कार जिंदल वर्ल्ड स्कूल को, द्वितीय पुरस्कार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कसेरपारा, तृतीय पुरस्कार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्टेशनपारा तथा जे बी डी ए वी विद्यालय सक्ती को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल, कृष्णकांत चंद्रा, रामनरेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधी, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, संयुक्त कलेक्टर के एस पैकरा, जिला कोषालय अधिकारी दशरथ सोनी, परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, तहसीलदार मनमोहन सिंह, तहसीलदार विद्या भूषण साव, तहसीलदार अभिजीत राजभानु, नायब तहसीलदार श्रीमती सुशीला साहू, नायब तहसीलदार आशीष पटेल, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें एवं जिले के नागरिकगण उपस्थित थे।

# परमेश्वरी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**सक्ती।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर शहर के नारायण सागर रोड में स्थित प्रतिष्ठित परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित विद्यालय परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ति में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समिति सचिव कृष्ण कुमार देवांगन एवं संस्था प्रमुख एम विकास देवांगन के द्वारा भारत माता की तैलचित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित एवं नारियल तोड़ कर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के छात्र/छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमे कक्षा नर्सरी से रेहान ने हे भगवान दे वरदान, कक्षा 2री से अपेक्षा एवं पूर्वांषी ने ये वतन वतन गीत, मोलिशा एवं नलिनी ने देश की माटी देश का जल गीत, लीशा बरेठ ने ए वतन वतन गीत, वेदांश सिंह ने देश मेरे गीत, हेजल ने देश भक्ती भाषण, कक्षा 6वीं से गीतांजलि साहू ने देश भक्ती गाने पर डांस, योगिता यादव ने हर तरफ गीत पर डांस, मान्यता देवांगन ने देश भक्ती पर सोलो डांस, उदिती कुर्रे ने देश भक्ती भाषण, कक्षा 8 वीं से जागृति साहू एवं ग्रुप ने वेलकम डांस, जागृति साहू ने देश भक्ति भाषण, सुनैना जायसवाल ने देश भक्ति भाषण, कक्षा 9वीं से संजय देवांगन ने देश भक्ति भाषण, प्रतिष्ठा जायसवाल ने देश भक्ति भाषण एवं कक्षा 10 वीं से मेघला फडीकर ने देश भक्ति भाषण (इंग्लिश) आदि छात्र/छात्राओं के द्वारा गीत, भाषण प्रस्तुत किया गया।



कार्यक्रम में शिक्षिका युक्ति देवांगन ने अपना देश भक्ती गीत, शिक्षक संदीप देवांगन की गीत ने सभी छात्र/छात्राओं, शिक्षक/शिक्षिकाओं, अतिथि का मन आनंद से भर दिया, इसी तरह शिक्षक गौरव यादव के भाषण एवं गीत से सभी छात्र/छात्राओं, शिक्षक/शिक्षिकाओं, अतिथि का मन देश प्रेम से भर दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं निकहत खान, दीक्षा देवांगन, गरिमा यादव, लक्ष्मी प्रधान, तारा देवांगन, हितेष यादव, शारदा नामदेव, लक्ष्मी देवांगन, उषा देवांगन, विनीता निषाद, भुनेश्वरी बरेठ, स्वेक्षा रावत, गौरव यादव, प्रीति यादव, वाणी देवांगन, युक्ति देवांगन, कुसुम देवांगन, चंचल यादव, दिपाली कसेरा, राधिका देवांगन, कुंती भार्गव, अनसुइया पटेल, ज्योति गवेल, विजय केंवट, पूनम तिवारी, सूरज सोनी, दीपक वैष्णव, प्रियंका यादव, रामेश्वरी सोनी, सन्नी उरांव, करन यादव, कुन्तला यादव एवं कर्मचारी रमा विश्वकर्मा, मंजू यादव, विनोदनी सोनी एवं संतोष लाल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संदीप देवांगन द्वारा किया गया।

## अनमोल वचन......

**सकारात्मकता की माटी में पनपने वाला पौधा ही एक दिन विशाल ट वृक्ष बनता है।**

# वोट बैंक के तकाजे व्यवस्था

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को 21 दिन की फरलो (अस्थायी रिहाई) दे दी गई। दुष्कर्म मामले में सजायाफ्ता राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहा है। नाबालिग से बलात्कार के दोष में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम बापू को भी सात दिन के लिए जेल से बाहर निकलने का मौका मिला है। अलबत्ता, इस दौरान वह पुलिस हिरासत में पुणे के एक अस्पताल में उपचाराधीन रहेगा। राजस्थान उच्च न्यायालय ने इस बाबत अनुमति दी है। सितम्बर, 2013 में गिरफ्तार किया गया आसाराम (83) हृदय संबंधी बीमारी से ग्रस्त है। आसाराम बापू को पुलिस हिरासत में इलाज की अनुमति दिया जाना हो सकता है कि किसी को न अखरे लेकिन डेरा सच्चा प्रमुख को फरलो दिए जाने से यकीनन कोई भी सहज न होगा। दुष्कर्म का दोषी डेरा सच्चा सौदा प्रमुख चुनाव से कुछ दिन पहले 'फलरे' पर छोड़ा जाता रहा है। कुछ लोग इसके राजनीतिक मंतव्य भी निकालते हैं।

डेरा सच्चा सौदा के लाखों अनुयायी देश भर में हैं, और राजस्थान के कुछ जिलों और हरियाणा के पंजाब और राजस्थान से लगते इलाकों में तो सघनता से बसे हुए हैं। डेरा सच्चा सौदा के देश भर में अनेक आश्रम हैं और इनसे जुड़े अनुयायी भी काफी संख्या में हैं। इस प्रकार उसके लाखों अनुयायी अच्छा-खासा वोट बैंक हैं। वैसे, डेरा सच्चा सौदा प्रमुख के मामले में ही ऐसा नहीं है। जितने भी डेरे-आश्रम हैं, सबके सब वोट की राजनीति के चलते राजनेताओं को प्रिय हैं।

हरियाणा में अगले कुछ महीनों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसलिए ऐन चुनाव से पूर्व उसे 'फरलो' दिए जाने से कोई चौंका तो नहीं लेकिन दुख जरूर हुआ कि राजनीतिक नफे-नुकसान के चलते अपराधियों के प्रति इद कदर उदारता बरती जाती है। यह कानून व्यवस्था का मजाक उड़ाने जैसा है। ऐसा नहीं है कि 'फरलो' को विवेकशील लोग अनदेखा किए हुए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने तो बाकायदा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में उसको 'फरलो' दिए जाने के खिलाफ याचिका भी डाल दी थी। लेकिन इसका निपटारा किए जाने के कुछ दिन बाद ही 'फरलो' दिए जाने से पता चलता है कि वोट बैंक के तकाजे व्यवस्था पर भी भारी पड़ जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट को इसका संज्ञान लेना चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों में ही दिन व्यतीत हो जाएगा। स्वयं पर भरोसा रखें। अपनी क्षमता से अधिक कार्य भार ना लें। आज के दिन निवेश करना भविष्य के लिए लाभकारी रहेगा। प्रॉपर्टी अथवा वाहन खरीदने संबंधी कोई विचार चल रहा है तो उस पर अमल करने का अनुकूल समय है।

**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कारोबारी गतिविधियों में बहुत ध्यान देने की जरूरत है। नए एग्रीमेंट होंगे और आपकी छवि और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज उत्तम स्थिति बनी हुई है लिए गए निर्णय के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू अथवा करियर में उचित सफलता मिलने के योग हैं। प्रॉपर्टी से संबंधित कोई कार्यवाही चल रही है, तो आज बात बन सकती हैं।

**मिथुन राशि:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। अपने पक्ष को मजबूत करके रखें। दूसरों की व्यक्तिगत गतिविधियों से खुद को दूर रखें। अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक मामलों को ही अहमियत दे। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान देने से उनका मनोबल बढ़ेगा। इसलिए उनके साथ कुछ समय बिताएंगे। आज सम्मानित व्यक्तियों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा और उनके सानिध्य में बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। घर की सुख-सुविधा से संबंधित कोई मूल्यवान वस्तुओं की खरीददारी भी करेंगे।

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। समय बहुत ही अनुकूल है। कोई खास कार्य भी हल होने वाला है। अपने बारे में ही सोचे और अपने लिए ही काम करें। कोई पारिवारिक विवाद किसी अनुभवी व्यक्ति की मध्यस्थता से हल हो जाएगा और आपसी संबंधों में पुनः मधुरता आएगी। आर्थिक कशमकश बनी रहेगी। परंतु खर्चों पर कटौती करना भी मुश्किल होगा। खुद को साबित करने के लिए बहुत संघर्ष और मेहनत की जरूरत है।

**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपको कोई विशेष उपलब्धि मिलने वाली है। आपका गुस्सा व बहुत अधिक अनुशासित होना दूसरों के लिए समस्याएं उत्पन्न करेगा। कुछ समय अध्यात्मिक अथवा धार्मिक गतिविधियों में भी जरूर व्यतीत करें।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अपनी जीवनशैली को और अधिक उन्नत बनाकर रखने का प्रयास करें। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। ऑफिस में कार्यभार की अधिकता की वजह से घर में भी करना पड़ेगा। आज कोई रुका हुआ काम पूरा होने वाला है।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज परिस्थितियां आपके पक्ष में सुखद परिवर्तन ला रही है। इस समय व्यवसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए बहुत अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। सरकारी सेवारत लोगों को कोई बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज कुछ अनुभवी लोगों का संपर्क मिलेगा और आपको जानकारियां भी हासिल होगी। ि

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को संपन्न करे। मन मुताबिक फल मिलने से मन में खुशी रहेगी और आय के साधन प्रबल होंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित कोई खुशखबरी मिल सकती हैं। आज व्यवसाय संबंधी किसी काम में अपनी योग्यता और कार्यक्षमता पर ही भरोसा रखें। दूसरों पर विश्वास करना नुकसान दे सकता है। मशीनरी आदि से जुड़े व्यवसाय में लाभदायक फल मिलेंगे।

**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। किसी संपर्क द्वारा महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होगा। जो कि आपके भविष्य के लिए बहुत ही लाभदायक साबित होगा। आज आपका सकारात्मक दृष्टिकोण व संतुलित व्यवहार घर और बाहरी गतिविधियों में उचित सामंजस्य बनाकर रखेगा और अपने काम को पूरा करने में सक्षम भी होंगे।

**मकर राशि:** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी भी काम को करने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी अवश्य हासिल करें। आज आप प्रोडक्शन के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता पर भी ज्यादा ध्यान देंगे। आज दिन आपके पक्ष में है। किसी को दिया उधर दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। कोई राजनीतिक उपलब्धि मिल सकती हैं।

**कुंभ राशि:** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बच्चों की शिक्षा अथवा करियर को लेकर कोई चल रही समस्या हल हो जाएगी। अगर कोई विवादित संपत्ति संबंधी मामला है, तो किसी अनुभवी व्यक्ति के सहयोग से संपन्न होने की उचित संभावना है। जिससे काफी हद तक तनावमुक्त महसूस करेंगे।

**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी अनुभवी के मार्गदर्शन से सभी कार्य योजना बद्ध तरीके से संपन्न होते जाएंगे और आप अपने अंदर अद्भुत ऊर्जा महसूस करेंगे। युवा वर्ग अपने भविष्य संबंधी गतिविधियों को लेकर पूरी तरह गंभीर रहेंगे। घर में नजदीकी संबंधियों की आवाजाही रहेगी। आज अधिक खर्चों की वजह से हाथ कुछ तंग रहेगा। उधार दिए हुए पैसे की वापसी के लिए प्रयास करेंगे।

# फिलहाल ठंडे बस्ते में

//रजनीश कपूर//

**बीते सप्ताह उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विधान सभा में नजूल संपत्ति अधिनियम पेश किया गया। इस बिल को विधान सभा में तो पास कर दिया गया परंतु उत्तर प्रदेश विधान परिषद में इसका भारी विरोध हुआ जिसके चलते बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी की मांग पर इसे सदन ने पास करने की जगह प्रवर समिति को भेजने का फैसला लेकर इसे फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया।**

उत्तर प्रदेश में कड़े फैसले लेने के लिए मशहूर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लिया गया यह निर्णय सही जरूर प्रतीत होता है, परंतु जिस तरह इस विधेयक का विरोध उन्हीं की पार्टी द्वारा किया जा रहा है, तो ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में शायद कुछ संशोधन के साथ इसे पुनः पेश किया जाए।

उल्लेखनीय है कि जिस भी जमीन का कोई वारिस न हो और वो सरकार के अधीन हो, उसे नजूल जमीन कहते हैं। गौरतलब है कि औपनिवेशिक शासन में अंग्रेजों द्वारा भारत में बड़ी संख्या में जमीनों पर कब्जा किया गया था, लेकिन आजादी के बाद जिस भी नागरिक के पास उसकी जमीन के दस्तावेज थे उन्हें उनकी जमीन वापस मिल गई, परंतु ऐसी कई जमीनें थीं जिनकी मिल्कियत के प्रमाण या जीवित स्वामी उपलब्ध नहीं थे। ऐसी जमीनों को सरकार ने अपने पास रखा, जिसे नजूल जमीन कहा गया। आजादी के बाद इस नजूल जमीन पर यदि कोई रह रहा था तो उससे सरकार ने किराया वसूलना शुरू किया और उस जमीन को लंबे समय के लिए लीज पर देना शुरू कर दिया।

इसके बावजूद ऐसी कई नजूल जमीनें हैं जिन पर लोग अवैध कब्जा कर रह रहे हैं, परंतु जैसे ही उत्तर प्रदेश में नजूल संपत्ति अधिनियम पेश हुआ, तो सरकार ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि जिस-जिस नजूल जमीन पर लोग गैरकानूनी ढंग से रह रहे हैं या जिन नजूल जमीनों की लीज का किराया सरकार को नहीं दिया जा रहा, उस नजूल जमीन को उत्तर प्रदेश की सरकार वापस ले लेगी और इस भूमि को सरकारी विकास कार्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। योगी जी द्वारा उठाया गया ये कदम सही था, परंतु विपक्ष को इस बात पर शक है कि विकास कार्य के नाम पर कहीं प्रदेश की लाखों करोड़ की हजारों एकड़ जमीन को अपने खास चुनिंदा लोगों के बीच बांट दिया जाएगा। इतना ही नहीं भाजपा के विधायक भी इस अधिनियम के विरोध में उतर आए हैं। उनका कहना है कि प्रदेश में ऐसी कई जमीनें हैं जिन पर शागिर्द-पेशा वाले परिवार रह रहे हैं, जो सदियों से वहां रह रहे हैं, परंतु उनके पास कोई भी प्रमाण नहीं है। ऐसे में उनका क्या होगा। कई भाजपा विधायकों का तो यह भी कहना है कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री आवास योजना से बेघर लोगों को घर दिए जा रहे हैं और वहीं दूसरी ओर जो गरीब दशकों से यहां रह रहे हैं उन्हें बेघर किया जा रहा है। तो भला ऐसे बिल का क्या औचित्य? जैसे ही इस अधिनियम पर राजनीति तेज हुई विपक्ष भी खुलकर सामने आया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर इसका विरोध जताते हुए लिखा, 'नजूल लैंड का मामला पूरी तरह से 'घर उजाड़ने' का फैसला है क्योंकि बुलडोजर हर घर पर नहीं चल सकता है। जनता को दुख देने में भाजपा अपनी खुशी मानती है। जब से भाजपा आई है, तब से जनता रोजी-रोटी-रोजगार के लिए भटक रही है, और अब भाजपाई मकान भी छीनना चाहते हैं। क्या भू-माफियाओं के लिए भाजपा जनता को बेघर कर देगी। अगर भाजपा को लगता है कि उनका ये फैसला सही है तो हम डंके की चोट पर कहते हैं, अगर हिम्मत है तो इसे पूरे देश में लागू करके दिखाएं क्योंकि नजूल लैंड केवल यूपी में ही नहीं पूरे देश में है।' देखा जाए तो इस अधिनियम के विरुद्ध हो रहे विवाद में भाजपा और विपक्षी नेताओं का एतराज सही है।

यदि सरकार को ऐसा अधिनियम लाना ही था तो उसे नजूल भूमि पर सदियों से बसे हुए परिवारों को पुनर्वास करने की योजना भी बनानी चाहिए थी। इसके हर पहलू पर गहन विचार के बाद ही इसे पेश किया जाना चाहिए था। चूंकि उत्तर प्रदेश और केंद्र दोनों ही जगह भाजपा की सरकार है तो योगी जी को प्रधानमंत्री मोदी से इस पर चर्चा करनी चाहिए थी। इसे भाजपा शासित किसी छोटे राज्य में लागू करना चाहिए था। इस अधिनियम को लाने से पहले सरकार द्वारा यहां पर बसे लोगों को पुनर्वास करने की योजना बना लेनी चाहिए थी।

सरकार को इन नजूल भूमि पर किए जाने वाले विकास कार्यों की सूची भी बना लेनी चाहिए थी। सरकार द्वारा नजूल भूमि पर अवैध रूप से पट्टे जारी करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों को दंड देने का भी प्रावधान बनाना चाहिए था। यदि इन सब पहलुओं पर सरकार द्वारा नहीं सोचा गया तो ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को सलाह देने वाले अधिकारियों ने आनन-फानन में इस अधिनियम को पेश करवाया। देखना यह होगा कि आने वाले समय में प्रवर समिति इस अधिनियम पर क्या सुझाव देती है।

# देश में सत्ता परिवर्तन

//प्रह्लाद सबनानी//

**किसी भी देश में सत्ता का व्यवहार उस देश के समाज की इच्छा के अनुरूप ही होने के प्रयास होते रहे हैं। जब-जब सत्ता द्वारा समाज की इच्छा के विपरीत निर्णय लिए गए हैं अथवा समाज के विचारों का आदर सत्ता द्वारा नहीं किया गया है तब-तब उस देश में सत्ता परिवर्तन होता दिखाई दिया है। लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज द्वारा ही की जाती रही है। साथ ही, किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के लिए देश में शांति बनाए रखना सबसे पहली आवश्यकता मानी जाती है। समाज में विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक आपस में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे तो शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकेगी।**

भारत पिछले लगभग 2000 वर्षों के खंडकाल में से अधिकतम समय (लगभग 250 वर्षों के खंडकाल को छोड़कर) पूरे विश्व में आर्थिक ताकत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा और इसे 'सोने की चिड़िया' कहा जाता रहा। 712 ईस्वी में भारत पर हुए आक्रांताओं के आक्रमण के बाद भी भारत की आर्थिक प्रगति पर कोई बहुत फर्क नहीं पड़ा था परंतु 1750 ईस्वीं में अंग्रेजों (ईस्ट इंडिया कंपनी के रूप में) के भारत में आने के बाद से भारत की आर्थिक प्रगति को जैसे ग्रहण ही लग गया था।

आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने न केवल भारत को जमकर लूटा, बल्कि भारत की संस्कृति पर भी गहरी चोट की थी और भारत के नागरिक जैसे अपनी जड़ों से कटकर रहने लगे थे। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों के पूर्व भी भारत पर आक्रमण हुए थे, शक, हूण, कुषाण आदि ने भी भारत पर आक्रमण किया था परंतु लगभग 250/300 वर्षों तक भारत पर शासन करने के उपरांत उन्होंने अपने आपको भारतीय सनातन संस्कृति में ही समाहित कर लिया था। इसके ठीक विपरीत आक्रांताओं एवं अंग्रेजों का भारत पर आक्रमण का उद्देश्य भारत की लूटखसोट करने के साथ ही अपने धर्म एवं संस्कृति का प्रचार प्रसार करना भी था।आक्रांताओं ने जोरजबरदस्ती एवं मारकाट मचाकर भारत के मूल नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बनाया तो अंग्रेजों ने लालच का सहारा लेकर एवं दबाव बनाकर भारतीय नागरिकों को ईसाई बनाया। कुछ विदेशी ताकतों द्वारा भारत में आज पुनः इस प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं कि हिन्दू समाज को किस प्रकार आपस में लड़ाकर छिन्न-भिन्न किया जाए। ऐसा विमर्श खड़ा करने का प्रयास हो रहा हैं कि देश में हिन्दू हैं ही नहीं, बल्कि सिख हैं, दलित हैं, राजपूत हैं, जैन हैं आदि-आदि। जातियों के आधार पर जन गणना की मांग की जा रही है ताकि समस्त सुविधाओं को हिन्दू समाज की विभिन्न जातियों की जनसंख्या के आधार पर वितरित किया जा सके जिससे अंततः देश में विभिन्न जातियों के बीच झगड़े पैदा हों और इस प्रकार भारत को पुनः गुलाम बनाए जाने में आसानी हो सके। विदेशी ताकतों द्वारा आज भारत के एकात्म समाज को टूटा-फूटा समाज बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

एक बार पुनः भारत ऐसे खंडकाल में प्रवेश करता दिखाई दे रहा है जिसमें आर्थिक क्षेत्र में भारत की तूती पूरे विश्व में बोलती दिखाई देगी। ऐसे में कुछ देशों द्वारा भारत की आर्थिक प्रगति के सामने बाधाएं खड़ी किए जाने के प्रयास हो रहे हैं। देश में निवासरत 80 प्रतिशत आबादी हिन्दू सनातन संस्कृति की अनुयायी है एवं हिन्दू समाज में व्याप्त समस्त जातियों, मत, पंथों को मानने वाले नागरिकों में त्याग, तपस्या, देशप्रेम का भाव, स्व-समर्पण का भाव कूट-कूट कर भरा है। कहा भी जाता है कि हिन्दू जीवन दर्शन ही पूरे विश्व में शांति स्थापित करने में मददगार बन सकता है। भारतीय जीवन प्रणाली अपने आप में सर्व समावेशक है। हिन्दू सनातन धर्म का अनुपालन करने वाले नागरिक पशु, पक्षी, वनस्पति, पहाड़, नदियों आदि में भी ईश तत्त्व का वास मानते हैं, और उनकी पूजा भी करते हैं। हिन्दू संस्कारों में पला-बढ़ा नागरिक सहिष्णु होता है। इसी के चलते कहा जा रहा है कि कई देशों में बढ़ रही हिंसा को नियंत्रित करने में हिन्दू सनातन संस्कृति के अनुयायी ही सहायक हो सकते हैं। और फिर, हिन्दू जीवन दर्शन का अंतिम ध्येय तो मोक्ष को प्राप्त करना है। इस अंतिम लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से भी हिंदू सनातन संस्कृति के अनुयायी कोई भी काम आत्मविचार, मनन एवं चिंतन करने के उपरांत ही करता है। इस प्रकार, इनसे किसी भी जीव को दुखाने वाला कोई गलत काम हो ही नहीं सकता। कई देशों के बीच कई प्रकार की समस्याएं व्याप्त हैं, वे आपस में लड़ रहे हैं, अपने नागरिकों को खो रहे हैं। यूक्रेन-रूस के बीच युद्ध एवं हमास- इस्त्रइल युद्ध इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। बांग्लादेश में अशांति व्याप्त हो गई है। इसी प्रकार ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, अमेरिका जैसे शांतिप्रिय देश भी आज विभिन्न प्रकार की समस्याओं से ग्रसित होते दिखाई दे रहे हैं। इसलिए शांति स्थापित करने एवं आर्थिक विकास को गतिशील बनाए रखने के उद्देश्य से आज हिन्दू सनातन संस्कृति के संस्कारों को आज पूरे विश्व में फैलाने की महती आवश्यकता है।

# भारत में भी क्या बांग्लादेश जैसा हाल

हमारे पड़ोस में यह घटनाक्रम कुछ ज्यादा तीव्र रूप में और अधिक स्पष्ट में देखने को मिला है। हम उससे सबक ना लें, तो ऐसा हम अपने लिए जोखिम मोल लेते हुए करेंगे। इसलिए जो कांग्रेस नेता बांग्लादेश या श्रीलंका को एक चेतावनी बता रहे हैं, उन पर नाराज होने की जरूरत नहीं है। हुआ सिर्फ यह है कि अनगिनत लोगों के मन में घुमड़ती बातें उनकी जुबान पर आ गई हैं।

श्रीलंका की कहानी अलग नहीं थी। पाकिस्तान की कथा भी बहुत अलग नहीं है। अंतर सिर्फ यह है कि पहले दोनों देशों में सेना ने राजनीतिक टकराव के बीच तटस्थ रुख अपनाया, जबकि पाकिस्तान में सारे घटनाक्रम की सूत्रधार सेना बनी रही है।

दो साल पहले जो श्रीलंका में हुआ था, वह इस हफ्ते बांग्लादेश में दोहराया गया। श्रीलंका में 'आती जनता' को देख राष्ट्रपति गोटबया राजपक्षे सिंहासन छोड़ भागे थे। बांग्लादेश में यही हश्र प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद का हुआ।

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने एक पुस्तक लोकार्पण समारोह में कहाः 'कश्मीर में सब कुछ सामान्य नजर आ सकता है। (चुनाव नतीजों के बाद यहां दिल्ली में) सब कुछ सामान्य दिख सकता है। लेकिन हकीकत यह है कि जमीन के नीचे कुछ हो रहा है। जो बांग्लादेश में हुआ, वह यहां भी हो सकता है।'खुर्शीद की इस टिप्पणी के बारे में जब कांग्रेस सांसद शशि थरूर से पूछा गया, तो उनका जवाब थाः 'उनका क्या मतलब था, यह आपको उनसे ही पूछना होगा। दूसरों की टिप्पणी पर टिप्पणी करना मेरा काम नहीं है। लेकिन बांग्लादेश में हुए तर्जुबे का बड़ा संदेश यह है कि इसने लोकतंत्र, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव, पारदर्शिता, व्यवस्था में लोगों की भागीदारी, लोकतंत्र की सभी संस्थाएं निष्पक्ष ढंग से काम करें इसे सुनिश्चित करने आदि का महत्त्व हमें बताया है। अगर यह सुनिश्चित हो, तो बांग्लादेश में जैसी घटनाओं के होने की कम गुंजाइश होगी।' कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और विस्तार में गए। उन्होंने ध्यान दिलाया कि बांग्लादेश में आर्थिक विकास के बावजूद बेरोजगारी काफी बढ़ गई थी। इसके अलावा वहां लोकतंत्र में खामियां उभरीं। पिछले दो आम चुनाव बिना विपक्ष की भागीदारी के कराए गए। अय्यर ने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति की तुलना भारत से की जा सकती है। इस सिलसिले में उन्होंने गैर-सरकारी संस्था वोट फॉर डेमोक्रेसी की रिपोर्ट का जिक्र भी किया, जिसमें 79 लोकसभा सीटों के परिणाम पर संदेह जताया गया है। ये वे सीटें हैं, जहां मतदान खत्म होने के बाद जितना वोट प्रतिशत बताया गया था, बाद में उसमें काफी बढ़ोतरी कर दी गई। ये सारी सीटें भाजपा के खाते में गईं।)

मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने इंदौर नगर निगम में कथित घोटाले के खिलाफ एक विरोध सभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीलंका और बांग्लादेश के बाद अब भारत की बारी है। उन्होंने कहा- 'नरेंद्र मोदी जी याद रखिए। आपकी गलत नीतियों के कारण एक दिन लोग प्रधानमंत्री आवास में घुस कर वहां कब्जा जमा लेंगे। हाल में ऐसा श्रीलंका और बांग्लादेश में हुआ, अब भारत की बारी है।'

यह तो स्वाभाविक ही है कि भारतीय जनता पार्टी ने इन बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया जताई है। उसके प्रवक्ताओं ने कांग्रेस पर देश में अफरातफरी फैलाने की कोशिश का आरोप लगाया है। साथ ही ऐसी बातें कहने वाले नेताओं पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की है। भारतीय जनता पार्टी से इसके अलावा किसी और तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। क्योंकि उसके नेताओं से यह अपेक्षा तो नहीं रखी जा सकती कि वे किसी घटनाक्रम की तह तक जाएंगे और उसके कारणों की पड़ताल करते हुए आत्म-निरीक्षण करेंगे।

लेकिन देश के जो संवेदनशील और समझदार समूह हैं, उन्हें खासकर बांग्लादेश में हुए जन विद्रोह पर अवश्य ही खुले दिमाग से विचार करना चाहिए। आखिर बांग्लादेश के बारे में आर्थिक विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहे देश की छवि बनी थी। यह समझा जाता था कि प्रधानमंत्री शेख हसीना चूंकि देश को खुशहाली के पथ पर ले गई हैं, इसलिए वे लोकप्रिय हैं- लोग उनकी राजनीतिक मनमानियों को सहने के लिए राजी हैं। कम-से-कम भारत में यह अंदाजा बहुत कम लोगों को होगा कि इस आर्थिक विकास और खुशहाली का स्वरूप इतना विषम और श्रमिक विरोधी रहा है कि लोगों के मन में एक ज्वालामुखी तैयार होने लगी थी।

श्रीलंका की कहानी इससे अलग नहीं थी। पाकिस्तान की कथा भी बहुत अलग नहीं है। श्रीलंका और बांग्लादेश तथा पाकिस्तान की हालत में अंतर सिर्फ यह है कि पहले दोनों देशों में सेना ने राजनीतिक टकराव के बीच तटस्थ रुख अपनाया, जबकि पाकिस्तान में सारे घटनाक्रम की सूत्रधार सेना बनी रही है। मई 2023 में लोगों के असंतोष का ज्वालामुखी वहां भी फटा था, परंतु सेना ने दमनकारी रुख अख्तियार कर उसे दबा दिया। फिर भी यह मान लेना अभी जल्दबाजी होगी कि वहां सामान्य स्थिति बहाल हो चुकी है।

## तस्वीरों की दुनिया


आईएमएफ की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।



आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक युवा चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के खिलाफ भारतीय चिकित्सा संघद्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान अमृतसर में विरोध प्रदर्शन करते डॉक्टर और मेडिकल छात्र।



पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के रेजिडेंट डॉक्टरों ने पटना में एक पोस्टग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर (कोलकाता) के यौन उत्पीड़न और हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।


विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नई दिल्ली में गणमान्य व्यक्तियों के साथ ग्लोबल साउथ के लिए एक अद्वितीय प्रतिमान तैयार करना विषय पर तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के पहले विदेश मंत्रियों के सत्र को संबोधित किया।


उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार अन्य गणमान्य लोगों के साथ विधान सौध में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, जहां उन्होंने राज्यपाल के हालिया कार्यों की निंदा की और उन्हें बेंगलुरु में संविधान विरोधी करार दिया।


एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने वसंतराव नाइक मेमोरियल ऑडिटोरियम, नागपुर में सार्थक फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान रूपा कुलकर्णी को सम्मानित किया।


इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान आरएमएल अस्पताल में ओपीडी के बाहर इंतजार करते मरीज, नई दिल्ली में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार और हत्या की शिकार हुई युवा चिकित्सा पेशेवर के लिए न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

# देहरादून में शर्मसार करने वाली घटना, पंजाब की नाबालिग लड़की से रोडवेज बस में गैंगरेप- हरकत में आई पुलिस

**देहरादून, 18 अगस्त [एजेंसी]।**

कोलकाता में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद हत्या को लेकर पूरा देश पहले ही आक्रोश में है, इसी बीच शनिवार को देहरादून स्थित अंतरराज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी) परिसर में खड़ी बस में 16 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना का मामला सामने आ गया। घटना 12-13 अगस्त मध्य रात्रि की बताई जा रही। पीड़िता मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ बताई जा रही है। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने उसे बदहवास स्थिति में आईएसबीटी से रेस्क्यू किया। किशोरी पंजाब की निवासी बताई जा रही है। वह पंजाब से दिल्ली पहुंची और वहां से मुरादाबाद। इसके बाद परिवहन निगम की बस से देहरादून पहुंची थी। कमेटी के सदस्यों ने जब किशोरी की काउंसिलिंग की तो घटना का पता चला। शनिवार शाम चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने आईएसबीटी पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने भी आइएसबीटी चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उनके निर्देश पर पुलिस ने चार अज्ञात लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सदस्य प्रीति थपलियाल ने बताया कि 13 अगस्त की शाम आईएसबीटी के बाहर



हेल्पलाइन की टीम ने एक किशोरी को बदहवास स्थिति में देखा। इसके बाद टीम उसे आईएसबीटी परिसर में बने चाइल्ड हेल्पलाइन बूथ पर ले गई। वहां किशोरी से पूछताछ की, लेकिन वह रोती रही। उसने बताया कि उसके साथ गलत काम हुआ है। मामले की गंभीरता देख हेल्पलाइन की टीम किशोरी को बालिका निकेतन ले गई और उसकी काउंसिलिंग कराई गई। काउंसिलिंग के दौरान किशोरी ने बताया कि वह पंजाब की रहने वाली है और मुस्लिम है। उसकी आयु करीब 16 वर्ष है। किशोरी ने बताया कि उसके माता-पिता का देहांत हो चुका है। वह अपनी बहन व जीजा के साथ रहती थी। बहन व जीजा ने 11 अगस्त को उसे घर से निकाल दिया। जिसके बाद वह बस से दिल्ली पहुंची। वहां से दूसरी बस से मुरादाबाद पहुंची और वहां 12 अगस्त की शाम उसे देहरादून जाने वाली बस दिखी तो वह उसमें बैठ गई।रात करीब ढाई बजे देहरादून पहुंचने पर जब बस आइएसटीबी के भीतर गई तो सभी लोग उतर गए। पीड़िता ने बताया कि वह बस में ही बैठी थी। उसके अलावा दो लोग (संभवतः चालक व परिचालक) बस में और थे। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सदस्य प्रीति थपलियाल ने बताया कि पीड़िता ने काउंसिलिंग के दौरान लाल रंग की बस होने का जिक्र किया है।

इसके बाद टीम की टीम उसे आईएसबीटी परिसर भी ले गई और वहां खड़ी बसों को दिखाया। जिसमें किशोरी ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की लाल बस की ओर इशारा भी किया।ऐसे में जांच टीम मान रही है कि घटना जिस बस में हुई, वह उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की हो सकती है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की जांच कर यह पता लगा रही है कि घटना वाली रात कौन-कौन सी बसें आइएसबीटी में दाखिल हुईं।

घटना का पता लगते ही जांच में जुटी पुलिस ने आईएसबीटी में उत्तराखंड परिवहन निगम के एक काउंटर पर बैठे कैशियर को हिरासत में ले लिया। सूत्रों ने बताया कि उक्त कर्मचारी परिचालक है, लेकिन उससे कैशियर का कार्य लिया जा रहा है। पुलिस उससे सघन पूछताछ कर रही है। सूत्र बता रहे कि घटना की रात संबंधित कर्मचारी आईएसबीटीपर मौजूद था। इसके अतिरिक्त एक और व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया है। देहरादून आईएसबीटी परिसर में सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं हैं। भीड़भाड़ के बावजूद न तो यहां प्रवेश और निकास द्वार पर मेटल डिटेक्टर डोर जैसी व्यवस्था है और न ही यहां पुलिस तैनात रहती है। रात में जो बसें आती हैं, वह अंधेरे में पीछे की ओर खड़ी रहती हैं, जिनमें कोई भी घटना को अंजाम दिया जा सकता है।

## क्या है पीसी अधिनियम की धारा 17ए जिसके तहत राज्यपाल ने दी कर्नाटक सीएम के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत किसी मुख्यमंत्री या मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में जांच और मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए राज्यपाल सक्षम प्राधिकारी हैं। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुडा भूखंड आवंटन घोटाले के आरोप में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए शनिवार को इसी अधिकार के तहत मंजूरी दी। कर्नाटक के राज्यपाल सचिवालय ने कथित अपराधों के लिए भ्रष्टाचार निवारण (पीसी) अधिनियम, 1988 की धारा 17 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 218 के तहत सिद्दरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग को स्वीकार किया। कानून के तहत मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए राज्यपाल सक्षम प्राधिकारी हैं और कानूनी स्थिति के मद्देनजर आरोपित को पद से हटाने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा मंजूरी दी जानी चाहिए। एक संशोधन के माध्यम से 2018 में शामिल की गई पीसी अधिनियम की धारा 17ए के तहत किसी लोक सेवक के खिलाफ पूछताछ या जांच शुरू करने से पहले सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य है यानी प्रविधान कहता है कि एक पुलिस अधिकारी को ऐसे अपराधों की जांच करने से पहले पूर्वानुमति लेनी होगी।

सक्षम प्राधिकारी को जांच एजेंसी से अनुरोध प्राप्त होने के 120 दिन के भीतर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने या अस्वीकार करने का निर्णय लेना होगा।शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि पूर्व मंजूरी प्राप्त करने की उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोकसेवकों को परेशान न किया जाए। इसने यह भी कहा है कि पूर्व मंजूरी की आवश्यकता पूर्ण नहीं है और वास्तविक आरोपों की अदालत को पड़ताल करने की अनुमति होनी चाहिए।

# पीएम मोदी से मिले चंद्रबाबू नायडू, आंध्र प्रदेश के लिए मांगी सहायता



**नईदिल्ली, 18 अगस्त [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर कर्ज में डूबे अपने राज्य के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने की मांग की।सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय बजट के बाद मोदी के साथ अपनी पहली बैठक में नायडू ने आंध्र प्रदेश के लिए की गई प्रमुख घोषणाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

इसमें नई राजधानी के विकास के लिए 15 हजार करोड़ रुपये की फंडिंग भी शामिल है।सूत्रों ने बताया कि तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने राजकोषीय चुनौतियों से निपटने, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और राज्य की जीडीपी बढ़ाने के लिए केंद्रीय समर्थन का अनुरोध किया। बाद में नायडू ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और अपने राज्य से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उनके गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करने की संभावना है। तेदेपा अपने 16 लोकसभा सदस्यों के साथ केंद्र में राजग सरकार का एक प्रमुख घटक है।

# मृतक डॉक्टर के पिता बोले- वारदात कहीं और हुई, हत्या के पीछे बहुत बड़ा गिरोह

**कोलकाता, 18 अगस्त [एजेंसी]।**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जूनियर महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या की घटना में शनिवार को फिर नया मोड़ आ गया। अब मृतका के पिता ने ये वारदात कहीं और होने का संदेह जताया है। मृतका के पिता ने कहा कि जिस जगह से मेरी बेटी का शव मिला है, हो सकता है कि वहां उसकी हत्या न हुई हो। अस्पताल में किसी और जगह वारदात को अंजाम देने के बाद शव को सेमिनार हाल में लाकर रख दिया गया हो। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि गिरफ्तार आरोपित इस घटना का असली दोषी नहीं है। मेरी बेटी की हत्या के लिए पूरा विभाग जिम्मेदार है। इसके पीछे बहुत बड़ा गिरोह है। दुखी मन से कहा कि मेरी बेटी को अस्पताल के सीनियर डॉक्टरों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिलता था, जिससे उसे पेशेवर जीवन में काफी परेशानी हो रही थी। उसे चार पुरुषों के साथ ड्यूटी दी जाती थी, जिससे वह काफी असहज महसूस करती थी। मामले में संजय राय नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।भाजपा विधायक व बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने भी कहा है कि मृतका की अस्पताल में किसी और जगह हत्या करने के बाद उसके शव को सेमिनार हाल में लाकर रखा गया था और इसमें कई लोग शामिल थे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मुझे अपने विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि कोलकाता पुलिस ने जांच के नाम पर मृतका की विसरा रिपोर्ट बदल दी है।

घटना के बाद खून से सनी चीजों को भी बदल दिया गया। पुलिस की सीजर लिस्ट में जो चीजें हैं, वे वास्तविक नहीं हैं और उनसे डीएनए जांच में मदद नहीं मिलेगी। अधिकारी ने कहा कि वॉश बेसिन को हटाकर नया बेसिन लगा दिया गया है। मुझे उम्मीद है कि सीबीआई इन पहलुओं पर भी गौर करेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल के निर्देश पर ये सारा कुछ किया गया था।सुबूतों से छेड़छाड़ की जताई आशंका राष्ट्रीय महिला आयोग ने घटना को लेकर राज्य प्रशासन व पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जिस जगह पर दुष्कर्म व हत्या की घटना हुई, वहां के क्षतिग्रस्त सामान को ठीक करवा दिया गया। आयोग ने सुबूतों के साथ छेड़छाड़ की भी आशंका जताई है। साथ ही पुलिस की जांच में कई खामियां बताई है।दूसरी तरफ मामले की जांच में जुटी सीबीआई ने अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष से शनिवार को लगातार दूसरे दिन मैराथन पूछताछ की। शुक्रवार रात 9.30 बजे से रात 1.40 बजे तक उनसे पूछताछ हुई थी। शनिवार सुबह 10.30 बजे फिर डॉ. घोष केंद्रीय जांच एजेंसी के समन पर सीबीआई कार्यालय में हाजिर हुए। खबर लिखे जाने तक उनसे पूछताछ जारी थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहले चरण की पूछताछ में डॉ. घोष से जूनियर महिला डॉक्टर की मौत की जानकारी मिलने के बाद उनकी पहली कार्रवाई के बारे में पूछा गया। मसलन उन्होंने किसे मृतका के स्वजन को इसकी सूचना देने को कहा था और पुलिस से किसने और कैसे संपर्क किया। उनसे अस्पताल के साप्ताहिक रोस्टर के बारे में भी पूछा गया, जिसके आधार पर डॉक्टरों को ड्यूटी निर्धारित की जाती है।बता दें कि रोस्टर में महिला डॉक्टर को 36 और कभी-कभी 48 घंटे तक ड्यूटी पर लगाए जाने की बात भी सामने आई है। पूर्व प्रिंसिपल के जवाब में कई विसंगतियां पाई गई हैं। मालूम हो कि घटना के सामने आने के बाद डॉ. घोष ने प्रिंसिपल के पद से इस्तीफा दे दिया था।

सूत्रों ने बताया कि कोलकाता पुलिस के दो अधिकारियों व एक कर्मी को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया। मृतका के कुछ सहकर्मियों को भी पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी है।सीबीआई की एक टीम शनिवार सुबह फिर घटनास्थल पर डिजिटल मैपिंग के लिए पहुंची। मालूम हो कि डिजिटल मैपिंग के तहत डाटा संकलित कर उसे आभासी छवि (वर्चुअल इमेज) का रूप दिया जाता है। इस तकनीक का प्राथमिक कार्य ऐसा मानचित्र तैयार करना होता है।

# मुंबई सीमा शुल्क की हवाई अड्डे पर बड़ी कार्रवाई

### केन्याई नागरिक से चार करोड़ से ज्यादा मूल्य की कोकीन की जब्त




**मुंबई।** मुंबई सीमा शुल्क ने मुंबई हवाई अड्डे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए, 15-16 अगस्त की रात के दौरान 482.66 ग्राम कोकीन जब्त की। इस कोकीन की बाजार में कीमत चार करोड़ से ज्यादा आंकी जा रही है। प्रतिबंधित पदार्थ एक केन्याई नागरिक के शरीर की गुहा में छिपा हुआ पाया गया था। यात्री की पहचान केन्या के काकमेगा के निवासी के रूप में हुई है। मुंबई सीमा शुल्क ने जानकारी दी कि केन्याई नागरिक अदीस अबाबा से इथियोपियाई एयरलाइंस की उड़ान ईटी 640 पर मुंबई आया था। गुप्त सूचना के आधार पर मुंबई सीमा शुल्क आयुक्तालय, जोन-III ने एक बड़े ऑपरेशन में केन्याई नागरिक को मादक पदार्थ के साथ धर दबोचा।

सीमा शुल्क अधिकारियों ने सफेद पाउडर वाले सात कैप्सूल बरामद किए, बाद में कोकीन होने की पुष्टि की गई।जब्त किए गए मादक पदार्थ का कुल वजन लगभग 482.66 ग्राम था, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य ?4,82,60,000 है। केन्याई नागरिक को गिरफ्तार कर लिया गया है, और तस्करी अभियान में शामिल अन्य लोगों की पहचान उजागर करने के लिए आगे की जांच चल रही है।

# लंदन के ऐतिहासिक समरसेट हाउस में भीषण आग दमकल के 100 कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

**लंदन, 18 अगस्त [एजेंसी]।**

लंदन के ऐतिहासिक समरसेट हाउस सांस्कृतिक केंद्र में शनिवार को भीषण आग लग गई। हालांकि 100 अग्निशामकों की टीम ने घंटो की मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों में इसकी छत के नीचे से आग की लपटें निकलती दिख रही हैं।एएफपी की रिपोर्ट में लंदन फायर ब्रिगेड की एक्स पोस्ट के हवाले से बताया गया कि समरसेट हाउस में लगी आग के



जवाब में अब पंद्रह दमकल गाड़ियां और लगभग 100 अग्निशामक भेजे गए हैं। कर्मचारी इमारत की छत के एक हिस्से में लगी आग पर काबू पा रहे हैं। मध्य लंदन से ली गई अन्य फुटेज में इमारत के ऊपर धुएं का घना गुबार उठता हुआ दिखाई दे रहा है, जो टेम्स नदी के किनारे लगभग 180 मीटर तक फैला हुआ है। पुनर्जागरण भवन के ने कहा कि समरसेट हाउस के एक छोटे से हिस्से में आग लगने के कारण, साइट वर्तमान में बंद है। हालांकि उसने बाद में पोस्ट को हटा लिया।

एएफपी के अनुसार समरसेट हाउस की भव्य इमारत के प्रांगण में गर्मियों में संगीत कार्यक्रम आयोजित होते हैं और सर्दियों में एक लोकप्रिय आइस रिंक होता है, जो 2003 की फिल्म लव एक्चुअली में दिखाई देता है। यह दो जेम्स बॉन्ड फिल्मों, 2008 की फिल्म द डचेस, और टिम बर्टन की 1999 की हॉरर फिल्म स्लीपी हॉलो में भी दिखाई दी है।

## अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा रूसी यान प्रोग्रेस एमएस-28, साथ में लेकर गया भोजन और वैज्ञानिक उपकरण



**मॉस्को 18 अगस्त।** रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने शनिवार को बताया कि रूस का मालवाहक अंतरिक्ष यान प्रोग्रेस एमएस-28 शनिवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) पहुंच गया। प्रोग्रेस एमएस-28 को गुरुवार को बैकोनूर कास्मोड्रोम से लांच किया गया था। रोस्कोसमोस ने कहा कि अंतरिक्ष यान आइएसएस के ज्वेज्दा माड्यूल से जुड़ गया है। आइएसएस पर मौजूद रूसी अंतरिक्ष यात्री ओलेग कोनेनेंको, निकोलाई चूब और अलेक्जेंडर ग्रीबेनकिन ने इस प्रक्रिया की निगरानी की। प्रोग्रेस एमएस-28 सामान लेकर गया है इनमें 420 लीटर पेयजल और 50 किलोग्राम कंप्रेस्ड नाइट्रोजन शामिल है। आईएसएस पर मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों के लिए प्रोग्रेस एमएस-28 लगभग तीन टन भोजन, वैज्ञानिक उपकरण और अन्य सामान भी लेकर गया है।

# भारत में एक राष्ट्र, एक चुनाव संभव नहीं, पीएम मोदी की अपील पर बोले सैम पित्रोदा- एकरूपता न थोपे सरकार

**नईदिल्ली, 18 अगस्त [एजेंसी]।**

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति भारत जैसे विविधता वाले देश में व्यावहारिक नहीं है और सरकार को देश पर एकरूपता थोपनी नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में एक चुनाव कराना संभव नहीं है, क्योंकि हमारे पास कई राज्य हैं।समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार पित्रोदा ने कहा, भारत में एकरूपता नहीं हो सकती, क्योंकि यह विविधता वाला देश है। उन्होंने इस विचार के लिए पीएम मोदी



की आलोचना की। पित्रोदा ने बांग्लादेश के मुद्दे पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भारत के साथ पहले की तरह अच्छे रिश्ते बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि क्या बांग्लादेश जैसे हालात भारत में भी दिख रहे हैं, उन्होंने कहा कि भारत काफी विविध है।

भारत लोकतंत्र और उसकी जड़ों के प्रति अधिक जागरूक है।उनसे जम्मू-कश्मीर में होने वाले चुनाव पर भी सवाल किया गया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों से क्षेत्र के भविष्य के लिए विधानसभा चुनावों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। कहा कि अगर संभव हो तो मैं 80 प्रतिशत या उससे अधिक मतदान देखना चाहूंगा।

# पूर्व मंत्री चौधरी जुल्फिकार भाजपा में होंगे शामिल! अमित शाह से मुलाकत के बाद अटकलें हुई तेज

**राजौरी, 18 अगस्त [एजेंसी]।**

अपनी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व मंत्री चौधरी जुल्फिकार अली जल्द ही भाजपा में शामिल हो जाएंगे। इस बात की चर्चा उस समय शुरू हुई जब दिल्ली में जाकर उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भेंट की।लोकसभा चुनाव में भी चौधरी जुल्फिकार अली के भाजपा में शामिल होने की अटकलें चल रही थीं, लेकिन उस समय वह भाजपा में शामिल नहीं हुए। परंतु अब यह तय माना जा रहा है कि किसी भी समय वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं और बुद्धल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। एक-दो दिन में यह तय हो जाएगा कि चौधरी जुल्फिकार अली भाजपा में कब शामिल होंगे।चौधरी जुल्फिकार के पिता चौधरी मुहम्मद हुसैन कांग्रेस व नेकां में रहे और पांच बार दरहाल विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने, सरकार में मंत्री भी रहे। 2002 में चौधरी मुहम्मद हुसैन का देहांत हो गया। उसके बाद चौधरी जुल्फिकार अली ने दरहाल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए नेकां से टिकट मांगा, लेकिन टिकट नहीं मिला तो वह निर्दलीय



उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतरे और हार गए। इसके बाद उन्होंने पीडीपी का दामन थाम लिया। 2008 के चुनाव में पीडीपी ने दरहाल विधानसभा क्षेत्र से उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया और उन्होंने जीत हासिल कर ली। इसके बाद पीडीपी ने 2014 में उन्हें फिर से टिकट दिया और वह फिर चुनाव जीते। भाजपा-पीडीपी की सरकार में उन्हें मंत्री बनाया गया।

2018 में सरकार गिर गई और कुछ समय बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी और 2020 में पीडीपी के नेता अल्ताफ बुखारी ने अपनी पार्टी का गठन किया तो चौधरी जुल्फिकार अपनी पार्टी के संस्थापक सदस्य के तौर पर पार्टी में शामिल हो गए। लोकसभा के चुनाव में वह राजौरी-अनंतनाग सीट से चुनाव लड़ने के लिए भाजपा से टिकट चाह रहे थे, लेकिन उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया और वह भाजपा में शामिल नहीं हुए। अब विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। दरहाल विधानसभा क्षेत्र का काफी हिस्सा नई बनी थन्ना मंडी विधानसभा क्षेत्र के साथ जोड़कर बुद्धल को नया विधानसभा क्षेत्र बनाया गया है। इस क्षेत्र में चौधरी जुल्फिकार का काफी दबदबा है। यही कारण है कि भाजपा उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करके उन्हें इस विधानसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार बना सकती है।

## मनु सिंघवी कांग्रेस के विधि विभाग के अध्यक्ष नियुक्त, आगामी विधानसभा चुनावों के लिए वार-रूम अध्यक्षों की हुई नियुक्ति



**नईदिल्ली, 18 अगस्त [एजेंसी]।**

कांग्रेस ने शनिवार को वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी को अपने विधि, मानवाधिकार और आरटीआइ विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से विधि, मानवाधिकार और आरटीआइ विभाग के पुनर्गठन प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के पैनल में सलमान खुर्शीद, केटीएस तुलसी, विवेक तन्खा, हरिन रावल, प्रशांतो सेन, देवदत्त कामथ और विपुल माहेश्वरी को शामिल किया गया है। कांग्रेस के विधि विभाग के कार्यकारी पैनल में मुहम्मद अली खान सचिव बनाए गए हैं।उनके साथ ही अमन पंवार, उमर होदा, ईशा बख्शी, अर्जुन शर्मा, निशांत मंडल, अमित भंडारी, तरन्नुम चीमा, निंगोम्बम बुपेंडा मैतेयी, लालनुन्ह्लुई राल्ते और स्वाति ड्रैक भी कार्यकारी पैनल के सदस्य हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए तत्काल प्रभाव से वार-रूम अध्यक्षों की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। चल्ला वम्शी चंद रेड्डी महाराष्ट्र में, नवीन शर्मा हरियाणा में और गोकुल बुटेल जम्मू-कश्मीर में वार रूम के प्रमुख होंगे। शशिकांत सेंथिल राष्ट्रीय वार रूम के अध्यक्ष बने रहेंगे।

# अपनेपन का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व

भारत में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसे रिश्तों में मिठास, विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला पर्व माना गया है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, और उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दौरान भाई भी अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है, और क्षमता के अनुसार उसे उपहार देता है। रक्षाबन्धन का पर्व भाई-बहिन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्यौहार है। रक्षाबन्धन पर्व में रक्षासूत्र यानि राखी का सबसे अधिक महत्व है। इस पर्व के दिन बहनें अपने भाई को राखी बांधती हैं। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण, गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है।

हिन्दू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बांधते समय पण्डित संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं। जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। यह श्लोक रक्षाबन्धन का अभीष्ट मन्त्र है।

येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबल:
तेन त्वाम प्रतिबद्धनामी रक्षे माचल माचल:

इस श्लोक का अर्थ है जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बांधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बांधता हूं। तुम अपने संकल्प से कभी भी विचलित मत होना।

रक्षाबंधन का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता। लेकिन भविष्य पुराण में इस पर्व का वर्णन मिलता है। जब देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हुआ। तब देवताओं पर दानव हावी होने लगे। देवराज इन्द्र ने घबरा कर देवताओं के गुरू बृहस्पति से मदद की गुहार की। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है।

विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिये फिर से प्राप्त किया था। हयग्रीव को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाडकर उनकी उंगली पर पट्टी बांध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई।



महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं। तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर विपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा कृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बांधने के कई उल्लेख मिलते हैं।

स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंचे। गुरु के मना करने पर भी राजा बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश, पाताल और धरती नापकर राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। कहते कि पाताल लोक में राजा बलि ने भक्ति के बल पर भगवान विष्णु से रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षाबन्धन बांधकर अपना भाई बनाया और अपने पति भगवान विष्णु को अपने साथ ले आयीं। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी।

महाराष्ट्र राज्य में यह त्योहार नारियल पूर्णिमा या श्रावणी के नाम से विख्यात है। इस दिन लोग नदी या समुद्र के तट पर जाकर अपने जनेऊ बदलते हैं और समुद्र की पूजा करते हैं। इस अवसर पर समुद्र के स्वामी वरुण देवता को प्रसन्न करने के लिये नारियल अर्पित करने की परम्परा भी है। राजस्थान में रामराखी और चूड़ाराखी या लूंबा बांधने का रिवाज है। रामराखी सामान्य राखी से भिन्न होती है। इसमें लाल डोरे पर एक पीले छींटों वाला फुंदना लगा होता है। यह केवल भगवान को ही बाँधी जाती है। चूड़ा राखी भाभियों की चूडियों में बांधी जाती है। राजपूत योद्धा जब शत्रु से युद्ध करने जाते थे तब महिलाएं उनको माथे पर कुमकुम का तिलक लगाने के साथ हाथ में रेशमी धागा भी बांधती थी। इस विश्वास के साथ कि यह धागा उन्हे विजयश्री के साथ वापस ले आयेगा।

उत्तरांचल में इसे श्रावणी कहते हैं। ब्राह्मण अपने यजमानों को यज्ञोपवीत तथा राखी देकर दक्षिणा लेते हैं। अमरनाथ की अतिविख्यात धार्मिक यात्रा गुरु पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर रक्षाबन्धन के दिन सम्पूर्ण होती है। कहते हैं इसी दिन यहां का हिमानी शिवलिंग भी अपने पूर्ण आकार को प्राप्त होता है। इस उपलक्ष्य में इस दिन अमरनाथ गुफा में प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन भी होता है। नेपाल के पहाडी इलाकों में ब्राह्मण एवं क्षत्रीय समुदाय में रक्षा बन्धन गुरू के हाथ से बांधा जाता है। लेकिन दक्षिण सीमा में रहने वाले भारतीय मूल के नेपाली भारतीयों की तरह बहन से राखी बंधवाते हैं।

नोबेल पुरष्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर ने 1905 में बंगाल विभाजन का विरोध करने के लिए इस त्योहार को मनाने को प्रोत्साहित किया था। वह इस त्योहार के माध्यम से विभिन्न समुदायों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना चाहते थे। उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों को एक-दूसरे के हाथों पर राखी बांधने के लिए प्रोत्साहित किया, जो भाईचारे और अपने समुदाय के लिए प्यार का प्रतीक है। इस त्यौहार का जश्न ब्रिटिश शासकों और बंगाल के विभाजन और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच मतभेदों के खिलाफ एक शक्तिशाली प्रयास था।

रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता का सांस्कृतिक उपाय रहा है। विवाह के बाद बहन पराये घर में चली जाती है। इस बहाने प्रतिवर्ष अपने सगे ही नहीं अपितु दूरदराज के रिश्तों के भाइयों तक को उनके घर जाकर राखी बांध कर अपने रिश्तों का नवीनीकरण करती रहती है। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी एक सूत्रता के रूप में इस पर्व का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार जो कड़ी टूट गयी है उसे फिर से जागृत किया जा सकता है। रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति इतनी लचीली है कि इस में हर संस्कृति समाहित होती चली जाती है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, सौराष्ट्र से असम तक देखें तो यहां के लोग प्रतिदिन कोई न कोई त्योहार मनाते मिलेंगे। इन त्योहारों के मूल में आपसी रिश्तों के बीच मधुरता घोलने एवं सरसता लाने की भावना रहती है। भाई-बहन के बीच प्यार, मनुहार व तकरार होना एक सामान्य सी बात है। लेकिन रक्षा बंधन के दिन बहन द्वारा भाई के हाथ में बांधे जाने वाले रक्षा सूत्र में भाई के प्रति बहन के असीम स्नेह और बहन के प्रति भाई के कर्तव्यबोध को पिरोया गया है।

## आपको अपना चेहरा कितनी देर तक धोना चाहिए? जवाब जानकर आप चौंक जाएंगे!

चेहरे की देखभाल में सही तरीके से धोना बहुत जरूरी है. लेकिन क्या आपको पता है कि चेहरा कितनी देर तक धोना चाहिए? इस सवाल का जवाब जानकर आप चौंक जाएंगे। इससे आपकी त्वचा की गंदगी, तेल अच्छी तरह साफ हो जाती हैं और त्वचा की नमी भी बनी रहती है। ज्यादा देर तक चेहरा धोने से त्वचा रूखी हो सकती है। इसलिए, सही समय और तरीके से चेहरा धोना बहुत जरूरी है। जानिए कैसे करें अपने चेहरे की सही देखभाल.



चेहरा धोने का सही समय-डॉक्टरों और त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार, चेहरे को 30 से 60 सेकंड तक धोना सबसे अच्छा माना जाता है. इस समय में आपके चेहरे की गंदगी और तेल अच्छी तरह से साफ हो जाती हैं. इससे ज्यादा देर तक चेहरा धोने से त्वचा की नमी कम हो सकती है और इससे त्वचा रूखी हो सकती है. ज्यादा देर तक धोने से नुकसान-अगर आप सोचते हैं कि चेहरा ज्यादा देर तक धोने से और भी साफ होगा, तो यह गलतफहमी है. ज्यादा देर तक चेहरा धोने से त्वचा की नेचुरल नमी खत्म हो सकती है और इससे त्वचा में जलन हो सकती है.सही तरीके से चेहरा धोने के टिप्स- डबल-क्लींजिंग: अगर आप पहले ऑयल क्लींजर से गंदगी, मेकअप और सनस्क्रीन हटाते हैं और फिर पानी आधारित क्लींजर से धोते हैं, तो 30 सेकंड काफी होते हैं. सिंगल क्लींजर: अगर आप सिर्फ एक क्लींजर का इस्तेमाल करते हैं, तो इसे चेहरे पर एक मिनट तक मसाज करें ताकि सारी गंदगी अच्छी तरह से साफ हो जाए. एक्सफोलिएटिंग क्लींजर: अगर आपके क्लींजर में एएचए, बीएचएया बेंज़ोयल पेरोक्साइड जैसे तत्व हैं, तो इसे 60 सेकंड तक लगाए रखें. इससे ये तत्व अपना काम सही से कर सकेंगे।

## टॉन्सिल के कारण गले का हो गया है बुरा हाल, तो इन घरेलू नुस्खों से दर्द होगा छूमंतर

बदलते मौसम में गले में खराश होना आम समस्या है, ऐसे में लोग इसे नजरअंदाज करने की गलती कर बैठते हैं। गले में लगातार खराश बने रहना टॉन्सिल के लक्षण हो सकते हैं जो आगे चलकर कई तरह की परेशानी खड़ी कर सकता है। टॉन्सिल गले के दोनों तरफ स्थित छोटे, अंडाकार आकार के लिम्फॉइड ऊतक होते हैं, जो शरीर की इम्यून प्रणाली का हिस्सा होते हैं। ये बैक्टीरिया और वायरस को रोकने में मदद करते हैं, लेकिन कभी-कभी खुद ही संक्रमण का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में आप घरेलू उपायों की मदद से गले में मौजूद टॉन्सिल से कुछ हद तक राहत पा सकते हैं।



**टॉन्सिल के कारण**

अधिकांश मामलों में टॉन्सिल का कारण वायरल संक्रमण होता है, जैसे सामान्य सर्दी का वायरस। बैक्टीरिया, विशेष रूप से स्ट्रीपटोकोकस बैक्टीरिया, भी टॉन्सिलाइटिस का कारण बन सकते हैं।धूल, धुएं, या अन्य एलर्जी कारकों के कारण भी गला सूज जाता है। वहीं कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोग संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

**टॉन्सिलाइटिस के लक्षण**

-गले में तेज दर्द, जो निगलने के दौरान और बढ़ जाता है।

-संक्रमण के कारण हल्का या तेज बुखार हो सकता है।

- टॉन्सिल के साथ सिरदर्द भी हो सकता है।

-गले में सूजन और लालिमा दिखाई देती है।

-गले में सूजन के कारण आवाज में बदलाव आ सकता है।

-टॉन्सिल पर सफेद या पीले धब्बे नजर आ सकते हैं।

**घरेलू उपचार**

गरम पानी से गरारे करें

एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच नमक मिलाकर गरारे करें। यह गले की सूजन को कम करने और राहत देने में मदद करता है।

हर्बल चाय पिएं

दरक, हल्दी, तुलसी, या शहद वाली चाय पिएं। ये प्राकृतिक एंटीसेप्टिक और एंटीइंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती हैं।

**शहद और नींबू का सेवन**

एक चम्मच शहद और थोड़ा नींबू का रस मिलाकर पिएं। शहद गले को आराम देता है और नींबू इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है।

**गर्म सूप और तरल पदार्थ**

गुनगुने तरल पदार्थ, जैसे सूप, गले को आराम देने में मदद कर सकते हैं। साथ ही, हाइड्रेटेड रहना महत्वपूर्ण है।

**भाप लें**

भाप लेने से गले की सूजन कम हो सकती है और गले में जमा बलगम ढीला हो सकता है।

**पर्याप्त आराम करें**

शरीर को संक्रमण से लड़ने के लिए पर्याप्त आराम की जरूरत होती है।

**सावधानियां**

- अगर घरेलू उपचार के बावजूद 2-3 दिनों में सुधार नहीं होता है, तो डॉक्टर से परामर्श करना जरूरी है।

- बैक्टीरियल टॉन्सिलाइटिस के लिए एंटीबायोटिक दवाएं आवश्यक हो सकती हैं।

- बार-बार टॉन्सिलाइटिस होने पर टॉन्सिल्स को निकालने के लिए सर्जरी (टॉन्सिलेक्टोमी) की सलाह दी जा सकती है।

## राजकुमार राव-श्रद्धा कपूर स्टारर ने पार किया 100 करोड़ का आंकड़ा



राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर अभिनीत स्त्री 2 ने शनिवार को निर्माताओं द्वारा घोषित घरेलू बॉक्स ऑफिस पर आधिकारिक तौर पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित, 2018 की हिट स्त्री का यह सीक्वल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ किया गया। फिल्म ने अपने पहले दिन 76.5 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। दिनेश विजान के नेतृत्व वाले प्रोडक्शन बैनर मैडॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर यह खबर साझा करते हुए खुलासा किया कि फिल्म ने केवल दो दिनों में 118 करोड़ रुपये की कमाई की है। भारत में फिल्म का नेट कलेक्शन 100.1 करोड़ रुपये है।

उन्होंने लिखा- अजेय मनोरंजक! कंपनी ने कैप्शन में लिखा, स्त्री 2 ने दूसरे दिन 100 करोड़ क्लब में जगह बना ली है। स्त्री2 को ऐतिहासिक घटना बनाने के लिए दर्शकों का धन्यवाद! स्त्री 2 ने उसी दिन रिलीज़ हुई अपनी प्रतिद्वंद्वियों, अक्षय कुमार की खेल खेल में और जॉन अब्राहम की वेदा से बेहतर प्रदर्शन किया। खेल खेल में ने दूसरे दिन 1.9 करोड़ रुपये कमाए, जिससे इसकी कुल कमाई 6.95 करोड़ रुपये हो गई, जबकि वेदा ने 1.6 करोड़ रुपये कमाए, जिससे इसकी कुल कमाई 7.9 करोड़ रुपये हो गई।

डबल आईस्मार्ट (तेलुगु), थंगालान (तमिल) और मिस्टर बच्चन (तेलुगु) जैसी अन्य क्षेत्रीय फिल्मों से प्रतिस्पर्धा के बावजूद, स्त्री 2 ने अपना दबदबा बनाए रखा है।

रक्षा बंधन की छुट्टी सहित विस्तारित सप्ताहांत के साथ, स्त्री 2 ऐतिहासिक ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन के लिए तैयार है। फिल्म के दमदार प्रदर्शन ने पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज हुई गदर 2 को पीछे छोड़ दिया है, जिसने अपने पहले दो दिनों में 83.18 करोड़ रुपये कमाए थे।

स्त्री 2 दिनेश विजान की हॉरर-कॉमेडी दुनिया का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत 2018 में स्त्री से हुई थी और तब से इसमें रूही, भेड़िया और मुंज्या जैसी फिल्में शामिल हो गई हैं।



**बेटे संग कैजुअल लुक में कैफे के बाहर स्पॉट हुईं गौहर खान, जेहान को गोद में लिए कैमरे की ओर स्माइल करते हुए दिए पोज**

## दिखना है सबसे अलग तो इन सेलिब्रिटी से लें इंस्पिरेशन दिखेंगी सबसे बहतरीन

रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक है और इस खास दिन पर सुंदर और ट्रेंडी लुक पाने के लिए सेलिब्रिटीज़ से प्रेरणा लेना एक शानदार तरीका हो सकता है। अगर आप भी इस रक्षाबंधन पर कुछ खास दिखना चाहती हैं, तो यहां कुछ सेलिब्रिटी स्टाइल्स के सुझाव दिए गए हैं जो आपको सबसे खूबसूरत बना सकते हैं।





साड़ी लुक, अनारकली ड्रेस ,लेहंगा चोली, गाउन या फ्लोरल ड्रेस, एथनिक जंपसूट में आप इस रक्षाबंधन पर न केवल आकर्षक दिख सकती हैं बल्कि आत्म-आश्वस्त भी महसूस करेंगी। अपने आउटफिट को अपने व्यक्तिगत स्टाइल और पसंद के अनुसार कस्टमाइज करना न भूलें!

## सावन के अंतिम सोमवार को शुभ योग में शिवजी को भी बांधें राखी, जानें शुभ योग

19 अगस्त को सावन का अंतिम सोमवार है और इस दिन सावन पूर्णिमा और रक्षा बंधन का पर्व भी मनाया जाएगा। शिव पुराण के अनुसार, जो व्यक्ति सावन सोमवार का व्रत और शिवलिंग पर बेलपत्र और जल अर्पित करता है, भगवान शिव उसकी समस्त मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। सावन के अंतिम सोमवार को रक्षा बंधन का पर्व भी है इसलिए शिवजी की भी राखी जरूर बांधें। सावन के अंतिम सोमवार पर बेहद खास योग भी बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व भी बढ़ गया है। सावन के अंतिम सोमवार को रुद्राभिषेक करना का भी विशेष महत्व है, मान्यता है कि इस दिन पूरे परिवार के साथ रुद्राभिषेक करने जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। आइए जानते हैं सावन के अंतिम सोमवार के बारे में खास बातें...

**सावन के अंतिम सोमवार की पूजा का लाभ**

19 अगस्त दिन सोमवार का दिन बेहद खास रहने वाला है क्योंकि इस दिन सावन का अंतिम सोमवार, रक्षा बंधन और सावन पूर्णिमा का पर्व भी है। साथ ही सावन के महीने का समापन भी सोमवार के दिन ही हो रहा है। इस दिन शोभन योग, रवि योग, गजकेसरी योग सहित कई शुभ योग एक साथ बन रहे हैं। इस शुभ योग में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने और राखी बांधने से सभी ग्रहों का शुभ प्रभाव प्राप्त होता है और आशीर्वाद भी बना रहता है। साथ ही पूजा से उत्पन्न होने वाली सकारात्मक ऊर्जा मन और शरीर को शुद्ध करती है और शांति प्रदान करती है। सावन सोमवार का व्रत अन्य सभी व्रतों से बेहद फलदाई, समृद्धि और खुशहाली देने वाला माना जाता है। अविवाहित लोग अगर इस दिन व्रत करते हैं, उनके विवाह होने की संभावना बनती है और लंबी आयु का वरदान भी प्राप्त होता है। साथ ही परिवार में सभी की सेहत अच्छी रहती है और लोगों को प्रकृति से जुड़ने का अनुभव भी प्राप्त होता है।



**रक्षा बंधन की वजह से सावन सोमवार का व्रत करें या ना करें**

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, 19 अगस्त को सावन के अंतिम सोमवार का व्रत किया जाएगा। रक्षा बंधन होने के बाद भी इस दिन आप भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करें। इस दिन सोमवार के सभी नियम और विधान लागू रहेंगे। अगर आप रक्षा बंधन की वजह से सावन सोमवार का व्रत नहीं करते हैं तो आपके द्वारा लिया गया पांचों व्रत का संकल्प अधूरा रह जाएगा। इसलिए सावन के अंतिम सोमवार का व्रत अवश्य करें, तभी आपको व्रत का संपूर्ण फल प्राप्त होगा। इस दिन सावन का समापन भी हो रहा है और इसके बाद भाद्रपद मास की शुरुआत भी हो जाएगी।

**सावन के अंतिम सोमवार पर बन रहे शुभ योग**

सावन का अंतिम सोमवार, सावन पूर्णिमा और रक्षाबंधन पर कई शुभ योग बनने वाले हैं। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, शोभन योग के साथ चंद्रमा व शनि की कुंभ राशि में युति होने से गजकेसरी योग का निर्माण हो रहा है। वहीं, इस दिन चंद्रमा और गुरु एक दूसरे से केंद्र भाव में मौजूद रहने वाले हैं। साथ ही इस दिन रवि योग सुबह 8 बजकर 10 मिनट से आरंभ होने वाला है। ऐसे में भगवान शिव और राखी बांधने के लिए यह समय अत्यंत शुभ रहने वाला है।

पूर्णिमा तिथि कब से कब तक

पंचांग के अनुसार, सावन पूर्णिमा तिथि 19 अगस्त को सुबह 3 बजकर 44 मिनट पर शुरू होगी और 19 अगस्त को रात 11 बजकर 55 मिनट पर होगा। इसी दिन सावन का अंतिम सोमवार, सावन पूर्णिमा और रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा।

## रक्षा बंधन पर अपने भाइयों को खिलाएं यह खास बनाना केक





रक्षा बंधन का त्योहार भाई-बहन के अटूट रिश्ते और स्नेह का प्रतीक है। इस खास दिन को और भी खास बनाने के लिए, क्यों न एक स्वादिष्ट और आकर्षक मिठाई तैयार की जाए बनाना केक एक ऐसा केक है जो न केवल स्वादिष्ट होता है बल्कि बनाने में भी बहुत आसान है। यह केक खासतौर पर केले के स्वाद और मीठेपन से भरपूर होता है, जो हर किसी को पसंद आएगा। इस त्योहार पर अपने भाइयों को इस खास केक के साथ सरप्राइज करें और उनके चेहरे पर हंसी लाएं। यह सरल रेसिपी आपको घर पर ही इस शानदार मिठाई को तैयार करने में मदद करेगी। तो चलिए, शुरू करते हैं इस खास बनाना केक की तैयारी!

**सामग्री**-3 पके केले,मैदा -1.5 कप,बेकिंग पाउडर- 1 टीस्पून,बेकिंग सोडा- 1/2 टीस्पून,नमक- 1/4 टीस्पून,चीनी- 3/4 कप,मक्खन - 1/2 कप (नरम किया हुआ),वेनिला एसेंस- 1 टीस्पून,दूध- 1/4 कप (यदि आवश्यकता हो),कटी हुई मेवा (वाल्नट्स, काजू)- 1/2 कप

रेसिपी-

ओवन तैयार करें- सबसे पहले ओवन को 180एष्ट (350एस्न) पर प्रीहीट कर लें। एक केक टिन को मक्खन या तेल से ग्रीस कर लें और उसमें मैदा छिड़क लें ताकि केक चिपके नहीं।

केले मैश करें -पके हुए केलों को एक बड़े बाउल में अच्छी तरह से मैश कर लें ताकि कोई गांठ न रह जाए।

सूखी सामग्री मिलाएं-एक अन्य बाउल में मैदा, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा, और नमक को छानकर एक साथ मिला लें।

मक्खन और चीनी मिलाएं- एक बाउल में नरम मक्खन और चीनी को अच्छे से फेंट लें जब तक मिश्रण हल्का और फूला हुआ न हो जाए। इसके बाद वेनिला एसेंस डालकर मिलाएं।

केला और सूखी सामग्री मिलाएं- अब मैश किए हुए केले को मक्खन-चीनी के मिश्रण में डालें और धीरे-धीरे सूखी सामग्री (मैदा मिश्रण) को भी इसमें मिलाते जाएं। अगर बैटर गाढ़ा लगे, तो इसमें थोड़ा दूध डालें और मिलाएं।

मेवा मिलाएं-अगर आप मेवा डालना चाहते हैं, तो इस समय कटी हुई मेवा डालें और बैटर में हल्के से मिला लें।

बेक करें -तैयार बैटर को ग्रीस किए हुए केक टिन में डालें और 180एष्ट पर पहले से गरम ओवन में 35-40 मिनट तक बेक करें। केक तब तैयार होगा जब उसमें डाली गई टूथपिक साफ बाहर आएगी।

केक ठंडा करें-केक को ओवन से निकालें और 10-15 मिनट के लिए ठंडा होने दें। फिर केक को टिन से निकालें और पूरी तरह से ठंडा होने दें।

परोसें-आपका स्वादिष्ट और मुलायम बनाना केक तैयार है। इसे स्लाइस में काटकर चाय या कॉफी के साथ परोसें।

# हर्षोल्लास से मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस

**कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण, प्लास्टिक मुक्त कोरिया बनाने का लिया संकल्प**



**कोरिया/बैकुंठपुर।** कोरिया जिले की कलेक्टर, श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

इस अवसर पर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से आव्हान की हमें आजादी जिस संघर्ष, बलिदान, त्याग से मिला है, उसका सम्मान करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि हम सबको संकल्प लेना होगा कि जिस तरह से हम घरों व परिवेश को साफ सुथरा रखते हैं उसी तरह से अपने आसपास प्लास्टिक के उपयोग को छोड़ना होगा। उन्होंने प्लास्टिक, पालीथीन से होने वाले नुकसान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने प्लास्टिक मुक्त कोरिया का संकल्प लिया। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में प्लास्टिक का उपयोग बंद करें और पर्यावरण की रक्षा के लिए स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने प्लास्टिक और पॉलिथीन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से लें और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं, जो आम जनता के लिए बेहद लाभदायक हो सकते हैं। श्रीमती त्रिपाठी ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने और समय-सीमा में त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित भी करें।जनसामान्य उम्मीद के साथ कार्यालय में उपस्थित होते हैं, ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी है कि उनकी समस्याओं का निदान कर उन्हें लाभान्वित करें। हम सबकी जिम्मेदारी है कि छोटे-छोटे प्रयास करने से ऐसे कई महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो जाते हैं, जो आमजन के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होते हैं। श्रीमती त्रिपाठी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कहा कि कोरिया को प्रकृति ने खूब संवारा है, इसे बचाने के लिए, इसकी सुंदरता को कायम रखने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का अहसास होना जरूरी है। उन्होंने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में काफी तथ्यपरक जानकारी दी। उन्होंने सभी से अपील की प्लास्टिक, पालीथीन से होने वाले नुकसान से स्वयं बचे और आने वाले पीढ़ी को भी इसके दुष्प्रभाव से बचाएं।

**हिंद विद्यालय में सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई**

**चरचा कालरी।** हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया देश की आजादी के 78 में वर्ष के अवसर पर मुख्य अतिथि नीरज गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि श्री निसार खान के द्वारा ध्वजारोहण किया गया ध्वजारोहण के पश्चात स्काउट गाइड की टीम व अन्य दलों के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई उसके पश्चात विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति के नारों के साथ शानदार पी,टी का प्रदर्शन किया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नन्हे बच्चों ने शानदार देशभक्ति गाना गीत के साथ मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति किया ध्वजारोहण के पश्चात अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारे देश की आजादी का का 78वां वर्ष है आज अवसर है देश को आजाद करने के लिए कुर्बान हुए उन अनगिनत वीर सपूतों को नमन करने का, जिन्होंने हंसते-हंसते आजादी के लिए अपने प्राणों को निछावर कर दिया, हंसते-हंसते सूली पर चढ़ गए ,,जो सिर्फ और सिर्फ देश के लिए जिए, ऐसे वीर सपूतों के हम सदैव ऋणी रहेंगे इनकी वजह से आज हम



खुली हवा में सांस ले रहे हैं आज हमारा देश विश्व के सर्वाधिक उन्नति एवं प्रगतिशील देश के शीर्ष स्थान पर खड़ा है आज हम गर्व से कह सकते हैं कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा ,,हम बुलबुले हैं इसकी यह गुल सीता हमारा,, आज हमारा देश विकास की ओर बढ़ रहा है हमें देश के लिए बहुत कुछ करना है अपने देश को मजबूत करने के लिए बहुत कुछ काम करना है इस महान पर्व के अवसर पर हम सब का दायित्व है कि हम अपने देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता की रक्षा के लिए तन मन धन से एकजुट होकर खड़े रहे ,देश की सुरक्षा पर किसी प्रकार का आंच न आने दें आप सभी बच्चे अच्छी तरह पढ़ लिख कर देश की सेवा करें देश का नाम रोशन करें। ,स्वतंत्रता दिवस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शशि भूषण राय, राजाराम सर, मिंटू द्विवेदी, सफीक अहमद, हीरा विश्वकर्मा, विश्वनाथ ठाकुर, जयदेव पांडे , विश्वनाथ, दयानंद ठाकुर, श्रीमती किरण वर्मा, निशा राय, शिल्पी सरकार, मेघा तिवारी ,खुशबू यादव ,कौशल बानो, रश्मिता, रूपा विश्वकर्मा सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

**कन्या स्कूल की व्याख्याता सम्मानित**



**कोरिया।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 में कलेक्टर कोरिया व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व भरतपुर सोनहत के विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के द्वारा शा आ क उ मा वि बैकुंठपुर में पदस्थ व्याख्याता श्रीमती जिज्ञासा दुबे को युवा संसद2023-24 की संभागीय प्रतियोगिता के हेतु वेस्ट स्क्रिप्ट तैयार करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।आपके इस गौरवमयी उपलब्धि पर सम्पूर्ण विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है।विदित हो कि 28 फरवरी 2024को सरगुजाअम्बिकापुर में संपन्न हुई संभागीय युवा संसद प्रतियोगिता में जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया जितेन्द्र गुप्ता के दिशा निर्देशन व नोडल अधिकारी प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता एवम जिला क्रीड़ा अधिकारी मुन्नाराम भगत मार्गदर्शन में जिला युवा संसद टीम प्रभारी श्रीमती जिज्ञासा दुबे के नेतृत्व में सहायक प्रभारी स्वीटी मिश्रा, अनुराधा सोनपाकर,आर यल गौतम सहित कोरिया जिला के 43 सदस्यीय युवा संसदीय दल सहित उक्त प्रतियोगिता में भाग लेकर धमाकेदार प्रस्तुति के साथ कोरिया जिले को संभागीय युवा संसद का खिताब दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया।

**शर्मा हॉस्पिटल महलपारा बैकुंठपुर किया गया ध्वजारोहण**



**कोरिया।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के शर्मा हॉस्पिटल परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर फूल माला चढ़ाते हुए दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान गया गया अस्पताल स्टाफ के द्वारा देशभक्ति गाने के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। शर्मा हॉस्पिटल के संचालक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर राकेश शर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर समाज सेवा कार्य करने का वचन लिया गया। कार्यक्रम में दादी मां श्रीमती मिथिलेश शर्मा, डॉक्टर संकल्प शर्मा, डॉक्टर अपराजिता शर्मा, डॉ रजनी शर्मा एवं अस्पताल स्टाफ के साथ शहर के अन्य गांड मारने नागरिक भी मौजूद रहे।

**वेदांती और रेणुका की स्वाधीनता समारोह में उपस्थिति**

**बैकुंठपुर।** कार्यालय जिला पंचायत कोरिया में आजादी के पर्व पर उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने तिरंगा फहराया। विदित हो कि जिला पंचायत कोरिया की अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, भारत की राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में आमंत्रित अतिथि बतौर शामिल होने के लिए गई हुई हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती ने जिला पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करते रहें। जब हम सब मिलकर अपना काम ईमानदारी से पूरा करेंगे तभी देश मजबूत होकर आगे बढ़ेगा। आजादी के 78वें समारोह पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि आजादी सही अर्थों में तभी संभव है जब हम स्वयं के साथ अन्य लोगों की भी आजादी को बरकरार रखने के लिए सजग रहें। देश की विविधता को सँजोकर रखने के लिए आवाहन करते हुए उन्होंने आपसी सद्भाव और परस्पर सहयोग करने के लिए ततपर रहने का सन्देश दिया। जिला पंचायत कोरिया की



सदस्य श्रीमती वन्दना राजवाड़े ने भी अपनी शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि हमे अपने पूर्वजों के बलिदान को सदैव याद रखना चाहिए। जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित इस स्वतन्त्रता दिवस समारोह में उप संचालक पंचायत श्रीमती ऋतु साहू, लेखाधिकारी धनराज सिंह सहित सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पूरे उल्लास के साथ आजादी के पर्व में हिस्सेदारी की।

## गांव की तिरंगा यात्रा दिल्ली होते हुए रायपुर पहुंचकर पूर्ण



**कोरिया।** जब से देश में नरेंद्र मोदी के अगवाई में सरकार बनी है तब से 2014 से निरंतर गांव,गरीब और हर वर्ग का सम्मान बढ़ाने का कार्य मोदी सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

इसी कड़ी में भारत के स्वतंत्रता दिवस पर विशेष अतिथि के रूप में दिल्ली के लाल किला मैदान में आयोजित समारोह में शामिल कर गांव के सरपंच ,जनपद पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्षयो को दिल्ली आमंत्रित कर जिस प्रकार सम्मान किया गया है वह वास्तव में अविस्मरणीय है। दिल्ली जाने से पूर्व गांव से लेकर अखंड तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई जो पहले गांव,फिर रायपुर राज्यधानी, फिर देश की राजधानी में अखंड तिरंगा यात्रा लेकर गए। तदपश्चात रायपुर में सहसम्मान तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह मोरपच्ची ने बताया की यह यात्रा स्वतंत्रता दिवस पर एक गांव के मुखिया (सरपंच), जनपद पंचायत के मुखिया (अध्यक्ष) और जिला पंचायत के मुखिया (जिला पंचायत अध्यक्ष) के लिए बहुत गर्व और अविस्मरणीय पल है। जिसका पूरा और पूरा श्रेय किसी को जाता है तो वे देश के यस्यस्वी और अबतक के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। इस यात्रा में श्रीमती शांति भगत अध्यक्ष जिला पंचायत जशपुर, श्रीमती भूमिषूता चौहान जनपद पंचायत अध्यक्ष रायगढ़, श्रीमती सुमिता साहू सरपंच छोटूपरा, श्रीमती दुखिया बाई पटेल सरपंच विरुटोला, श्रीमती अंकित गोपेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत पतोरा और साथ ही अधिकारियों में डा अशोक जायसवाल नोडल अधिकारी, अविनाश कुमार मेश्राम, सूश्री कुशुम बड़ा थे ।

## डाक चौपाल के आयोजन से क्षेत्रवासी लाभान्वित

**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में डाक विभाग के द्वारा भव्य डाक चौपाल का आयोजन संपन्न किया गया जिसमें भारतीय डाक विभाग द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में सभी को अवगत कराया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेतराम रत्नेश मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवपुर चर्चा एवं विशिष्ट अतिथि नीरज गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय डाक विभाग की ओर से उप संभागीय निरीक्षक रोहित मिश्रा, शाखा प्रबंधक इंडियन पोस्टल पेमेंट्स बैंक आकाश बुधवानी, एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधि शिवकुमार यादव,मेल ओवरसियर अनिल यादव , उप डाकपाल चरचा के पी दिवाकर सहित सहित पोस्ट ऑफिस के अभिकर्ता दीपक गोप ,संतोष सिंह ,भोला मंडल, दिनेश वर्मा ,कमलेश गुप्ता एवं काफी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे अतिथियों के स्वागत उपरांत डाक विभाग के द्वारा संचालित समस्त विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेत राम रत्नेश नेता अपने संबोधन में कहा कि भारतीय डाक विभाग विगत कई दशकों से विगत देश के शहरी क्षेत्र से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक अपनी बेहतर सेवाएं दे रहे हैं भारतीय डाक विभाग गुणवत्ता और विश्वसनीयता का परिचायक है इनके माध्यम से निवेश करने पर आप



सदैव सुरक्षित रहेंगे आशा है कि आप सभी इस चौपाल के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर निश्चित ही लाभान्वित होंगे। जन चौपाल में उपस्थित एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधि ने जानकारी देते हुए कहा कि इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक व एचडीएफसी बैंक के मध्य टाइअप है इसके तहत आधे घंटे की अवधि में ही वाहन ऋण स्वीकृत किए जाएंगे डाक विभाग का पोस्ट पेमेंट बैंक आईपीपी एक विशेष सामूहिक दुर्घटना बीमा लेकर आया है जो बेहद लाभकारी साबित हो रहा है बीमा पॉलिसी में केवल 599 रुपए के प्रीमियर में विमित व्यक्ति का 10 लख रुपए एवं 799 में वार्षिक प्रीमियम पर 15 लाख रुपया का बीमा कवर प्रदान किया जाएग दुर्घटना मृत्यु होने पर 15 लाख रुपए तक, स्थाई रूप से पूर्ण विकलांगता आशिक विकलांगता, अंग विच्छेद या पैरालिसिस होने पर 5, 10 लाख या 15 लख रुपए तक ओपीडी के लिए 50000 तक अस्पताल में भर्ती होने पर 100000 तक का दावा किया जा सकेगा यह पॉलिसी खासकर गरीब व मध्यवर्ग के लिए बेहद फायदेमंद है जो महंगे हेल्थ इंश्योरेंस नहीं ले सकते। डाक विभाग के द्वारा जारी महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट जिसके तहत भारत की महिलाएं 10000 से लेकर अधिकतम 200000 तक 2 साल के लिए फिक्स कर सकती हैं जिस पर विभाग द्वारा 7.30 प्रतिशत ब्याज देय होगा।

## मोमिता हत्याकाण्ड को लेकर नगर में विरोध




**चरचा कालरी।** सात व 8 अगस्त की रात्रि देश के महानगर कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। नगर में इसे लेकर विरोध किया गया। घटना को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने सड़कों पर उतरकर इस घटना के विरोध में प्रदर्शन किया है। लोग मांग कर रहे हैं कि प्रशासन इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करे और आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कदम उठाए। इस क्रम में चरचा कालरी क्षेत्र की महिलाओं में भी काफी आक्रोश नजर आया सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सलीका अफजल ने कहा कि देश में लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही है महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि प्रशासन अधिक सख्ती से कानून का पालन करे और समाज में जागरूकता फैलाई जाए। साथ ही, इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए हर नागरिक को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। जिससे इस देश की मातृशक्ति भी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर सके यह घटना हमें याद दिलाती है कि हम सभी को मिलकर एक ऐसा समाज बनाना होगा जहां महिलाओं को बिना किसी भय के जीने का अधिकार हो। विरोध प्रदर्शन में काफी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया।

## सेफ जोन बनाये अस्पतालों को

**कोरबा।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में सरकारी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर मौमिता देवनाथ की नृशंस हत्या को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा काम बंद हड़ताल की गई। जिला अस्पताल के बाहर डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ ने प्रदर्शन किया। मीडिया से चर्चा करते हुए महिला डॉक्टर ने चिंता जाता है कि जिस तरह से यह घटना हुई है, उससे चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले युवा अपनी दिशा बदलने को मजबूर हो सकते हैं और इससे समाज को नुकसान होगा। आईएमए के एक और सदस्य ने मांग की है कि सरकार सभी अस्पताल परिसरों को सेफ जोन घोषित करें।

## नियम विरूद्ध लगी दुकानें, दशहरा मैदान के कारोबारी मुश्किल में

**कोरबा।** रक्षाबंधन का पर्व कल संपन्न होगा। इस पर्व के मद्देनजर कोरबा में अलग-अलग वैरायटी की राखीयो पर व्यवसायियों ने निवेश किया है। उनके सामने मुश्किल इस बात को लेकर है कि नगर निगम ने राजेंद्र नगर दशहरा मैदान में राखी बेचने की व्यवस्था दी है। निगम के आश्वासन के बावजूद मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे काफी संख्या में दुकान लगी हुई है जिससे समस्या है।



श्रावण पूर्णिमा को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा, इसे लेकर कोरबा और उपनगरिय क्षेत्र के बाजार में रौनक बनी हुई है। विभिन्न क्षेत्रों में राखियों की दुकान लगी हुई है। व्यवसायियों ने बताया कि इस बार भी कई नए अंदाज राखी में देखने को मिल रहा है । इस बार कोरबा में राखी मार्केट को नगर निगम ने यातायात संबंधी कारण का हवाला देते हुए बदल दिया है। स्मृति उद्यान के पास पिछले वर्षों में लग रहे इस मार्केट को अब डॉक्टर राजेंद्र नगर दशहरा मैदान में शिफ्ट कर दिया गया है। व्यवसाय करने वाले वर्ग की शिकायत इस बात को लेकर है कि यहां पर टेंट का खर्च निकल पाना ही मुश्किल है ऐसे में इन्वेस्टमेंट के बारे में क्या विचार करना। निगम आयुक्त ने पहले आश्वासन दिया था कि सड़क के आसपास कहीं भी दुकान नहीं लगेगी लेकिन बड़ी संख्या में ऐसी दुकान लगी हुई है यह अपने आप में अजीब बात है। अनिश्चितता के बीच राखी का व्यवसाय करने वाला वर्ग दुकानों पर उपस्थिति दर्ज कर रहा है। मनमाने तरीके से विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हो रही दुकानों पर लगाम नहीं लगने के कारण इन लोगों में काफी आक्रोश है। सवाल इस बात का है कि इन सब कारणों से अगर व्यवसाययों को नुकसान होता है तो क्या इसकी भरपाई की जाएगी।

## उपेक्षा का आरोप लगाया विधायक ने

**कोरबा।** गोंगपा के विधायक तुलेश्वर मरकार ने जिले के अधिकारी,कर्मचारियों के साथ ही शासन पर अपने क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है,कि उनके क्षेत्र में सरकारी शिक्षा व्यवस्था का काफी बुरा हाल है। स्कूल भवन जर्जर हो गए है। बच्चे या तो निजी भवनों में पढ़ रहा है या फिर किराए के भवन में। आदिवासी क्षेत्र होने के नाते सरकार की विशेष योजनाओं का संचालन हो रहा है,लेकिन उसकी राशि का बंदरबांट कर लिया जा रहा है। विधायक ने जिले के अधिकारी,कर्मचारी और शासन पर अपने क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा,कि उनके क्षेत्र में सरकारी शिक्षा व्यवस्था का भगवान ही मालिक है। मरम्मत के अभाव में स्कूल के भवन जर्जर हो गए है। छतो से पानी टपक रहा है और शिक्षकों की कमी है।

## निर्धारित नियमों का अनुपालन कर चलना ही स्वतंत्रता: प्रतिभा

**कोरबा।** श्री शिव औषधालय एमआईजी 20 आरपी नगर निहारिका कोरबा में लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट ने 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें सर्वप्रथम ध्वज का पूजन कर ध्वजारोहण श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा द्वारा किया गया।

सामुहिक राष्ट्रगान के पश्चात भारत माता की जय वंदेमातरम के उदघोष के साथ श्रीमती प्रतिभा शर्मा ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं स्वतंत्रता एवं



स्वच्छंदता का अंतर समझाते हुये कहा कि स्वतंत्रता का अर्थ स्वछंदता कतई नही है, वरन अनुशासित एवं नियमयुक्त कर्म है।

स्वतंत्रता में दो शब्द स्व अर्थात स्वयँ तंत्र अर्थात नियम, प्रबंध युक्त व्यवस्था अर्थात निर्धारित नियमो का अनुपालन कर चलना ही स्वतंत्रता है, न कि अनुशासन को तोड़ना। स्वछंदता नियंत्रणहीन व्यवहार है और स्वतंत्रता नियंत्रित नियमयुक्त व्यवहार। इस अवसर पर श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा के अलावा लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, सचिव लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड, संरक्षक लायन सुधीर सक्सेना, कार्यकारिणी सदस्य लायन नेत्रनंदन साहू, लायन अश्विनी बुनकर, लायन कमल धारिया, देवबलि कुंभकार, चक्रपाणि पांडे, कमला कुंभकार, योग शिक्षक दुर्गेश राठौर, धर्मेंद्र सिंह यादव, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, संध्या बारला एवं हर्ष नारायण शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**निधन**

**संतोष जायसवाल**



**बैकुंठपुर।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल के बड़े भ्राता संतोष जायसवाल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल रविवार की सुबह 9 बजे बैकुंठपुर गेज नदी के पास स्थित मुक्तीधाम में किया गया।

## रक्षाबंधन कल, बाजार में उमड़ी भीड़

**कोरबा।** रक्षाबंधन पर्व कल पूर्णिमा को मनाया जाएगा। इसके लिए यहां के बाजार में आज काफी रौनक नजर आयी। चौतरफा भीड़ होने के कारण यातायात पुलिस को आज ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी। श्रावणी पर्व रक्षाबंधन को लेकर बताया गया कि इसके लिए शुभ मुहूर्त सोमवार को दोपहर 1.30 के बाद है। इससे पहले भद्रा की स्थिति है और मान्यताओं के अंतर्गत इस दौर में राखी नहीं बांधी जाती। बहुत बड़ा वर्ग इस सिद्धांत पर अमल करता है। पर्व के लिए यहां के बाजारों के साथ-साथ उपनगरीय क्षेत्र बालको नगर, कुसमुंडा, जमनीपाली और दीपका में काफी चहल पहल रही। राखियों की दुकानों के अलावा मिठाई, कपड़ा, श्रृंगार और सराफा बाजार में पूर्व की तुलना में गुलजार रहा। जिले में हिन्दू आबादी की अधिकता होने से पर्वों पर इस प्रकार की स्थिति निर्मित होती है और व्यवसायी काफी खुश नजर आते हैं। कारोबारियों ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन पर आशातीत व्यवसाय होने की संभावना है।

## एक्टीवा की चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सीतामढ़ी क्षेत्र में होंडा सिटी के नजदीक निवासरत अंकुर अग्रवाल की एक्टीवा संख्या सीजी 12 बीई 9536 को अज्ञात व्यक्ति ने पार कर दिया। इसकी कीमत 30 हजार बतायी गई है। पीड़ित पक्ष के द्वारा घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाना में दर्ज करायी गई। जिस पर धारा 173 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़ित पक्ष ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वह गणेश की मूर्ति देखने के लिए गया हुआ था और अपनी स्कूटी को शो रूम के सामने खड़ा किया था। कुछ देर बाद वापस आया तो एक्टीवा नदारत थी।

## कांता भूटानी दिवंगत, अंत्येष्टि कल



**कोरबा।** पंजाबी बिरादरी की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती कांता भूटानी 79 वर्ष पति स्वर्गीय वेद प्रकाश भूटानी का आज प्रात: दुखद निधन हो गया है। श्रीमती कांता भूटानी, विकेश भूटानी एवं रितेश भूटानी की माता और अश्विन भूटानी एवं निकेश भूटानी की चाची थी। परिजनों ने बताया कि 19 अगस्त को सुबह 8.30 बजे उनकी यात्रा निवास स्थान अग्रोहा भवन के पास से कोरबा मुक्ति धाम इतवारी बाजार को जायेगी।

## संस्कृत मेलनम की हुई शुरूआत

**कोरबा।** संस्कृत से अनुराग रखने वालों के लिए संस्कृत मेलनम की शुरूआत की गई है। सेवा भारती में इसका शुभारंभ हुआ। प्रत्येक शनिवार को कार्यक्रम होगा। इसमें शिक्षकों के द्वारा संस्कृत बोलने व लिखने का सहज अभ्यास कराया जायेगा।



# नवविवाहिता की करंट से मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**नगर संवाददाता**

**कोरबा।** कटकीडबरी घौराभांटा क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहीता की संदिग्ध परिस्थतियों में मौत हो गई। मृतक का नाम ममता दिवाकर है। बताया जा रहा है, कि घर पर पोछा लगाने के दौरान करंट प्रवाहित कूलर की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। हालांकि पिता ने पुत्री की मौत को लेकर दामाद पर शंका जाहिर की है। हालांकि पति ने ससुर द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और जांच कर रही है।



कोरबा में एक नवविवाहिता की मौत का मामला सवालों के घेरे में आ गया है। शादी के महज दो साल बाद ही 22 वर्षीय ममता दिवाकर की मौत हो गई। ग्राम धनरास निवासी ममता का विवाह दो वर्ष पूर्व कुसमुंडा थानांतर्गत कटकीडबरी धौराभांटा निवासी महेंद्र दिवाकर से हुई थी। बताया जा रहा है,कि घर पर पोछा लगाने के दौरान ममता करंट प्रवाहित कूलर की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि पिता का ममता की मौत को लेकर कुछ और ही कहना है। उसने आरोप लगाया,कि उसकी मौत को लेकर उसका दामाद जिम्मेदार है। उसने बताया,कि शादी के बाद से ही उससे दहेज की मांग की जाती है। ससुर द्वारा लगाए गए आरोपों को दामदा ने नकार दिया है। उसने कहा,कि उसने कभी दहेज की मांग नहीं है। वह ड्युटी पर गया हुआ था,वापस घर आने पर उसने देखा,कि पत्नी जमीन पर पड़ी थी। उसने कूलर का तार निकालकर पुलिस को सूचना दी। बहरहाल मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर लाश पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### 21 को कोरबा में बंद का आयोजन

**कोरबा।** सुप्रीमकोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति आरक्षण वर्ग का उपवर्गिकरण करने के विरोध में 21 अगस्त को भारत महाबंद के आव्हान पर कोरबा में बंद का आयोजन किया जायेगा।

## सेन्हा में फसल रौंदकर हाथियों का दल पहुंचा सुखाबहरा

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम ही नही ले रहा है। डिवीजन के पसान रेंज में एकाएक सक्रिय हुए 11 हाथियों के दल ने बीती रात सेन्हा नामक गांव में पहुंचकर वहां किसानों की खेतो में लगे धान की फसल को रौंद दिया । और सुबह होने से पहले वहां से निकल कर सुखाबहरा पहुंचकर वहां के जंगल में डेरा डाल दिया है। हाथियो द्वारा रात में फसल रौंदे जाने की जानकारी ग्रामीणों को आज सुबह तब लगी जब वें अपनी फसल को देखने खेतो में पहुंचे तो वहां लहलाती फसल के स्थान पर उसे रौंदा हुआ पाया पास में हाथियों के पैरो के बड़ी संख्या में निशान थे। ग्रामीणों को यह समझने में देर नही लगी कि हाथियों ने उनकी फसल का रौंद मेहनतो पर पानी फेर दिया है।



ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिसपर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आकलन शुरू कर दिए है। सुखाबहरा व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सर्तक कर दिया गया है। इस बीच केंदई रेंज मेंक 26 हाथियों का दल कापानवापारा में डेरा डाले हुए है। हाथियों के इस दल ने बड़ा नुकसान नही पहुंचाया है। वहीं 24 हाथी एतमा नगर रेंज के गुरसिया परिसर में विचरण कर रहे है।

## भाजपाईयों ने समस्याओं को सामने रखा

**कोरबा।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कटघोरा पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस पहुंचने पर भाजपाईयों ने मुलाकात करते हुए समस्याओं को सामने रखा। उन्होंने बताया कि कटघोरा में जो चिकित्सालय है वहां पर सुविधाओं का और विस्तार किये जाने की जरूरत है। अक्सर दवाईयों की कमी बताकर मरीजों को बाहर भेज दिया जाता है। भाजपा नेता धन्नू दुबे, अभिषेक गर्ग, राजेंद्र टंडन, समजीत सिंह, अनुराग दुहलानी, जय गर्ग, किशन केशरवानी, विवेक मारकण्डे ने कहा कि कटघोरा स्थित चिकित्सालय में इलाज कराने के लिए ग्रामीण जन आते है। इस क्षेत्र में सांप के कटाने की घटनाएं ज्यादा होती है। समय पर दवाईयों के अभाव के कारण इलाज नहीं हो पाता और उन्हें कोरबा भेजना पड़ता है। सांप काटने की दवाईयों की कमी अक्सर यहां देखा जाता है। इस दवा कमी यहां नहीं होनी चाहिए। इसी तरह वर्तमान में सर्दी-खासी, बुखार का भी सीजन चल रहा है। इसके लिए दवाईयों की कमी न हो। इसके लिए और प्रयास करने की जरूरत है। चिकित्सकों की कमी भी यहां पर है।

## पूर्व विधायक कंवर ने बैठक ली

**कोरबा।** नपा चुनाव को लेकर कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर व जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान तनवीर अहमद, दिलीप सिंह, विकास शुक्ला, गया प्रसाद चंद्रा, केदार सिंह ने अपने-अपने विचार रखें।










































स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com